राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 82
लखनऊ, शनिवार 22 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले न रहे दबा : एके शर्मा 03

भाजपा के विशाल एकता मार्च में उमड़ा जनसैलाब 12

## प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को दिया गया 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

▸ भारतीय ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आर. एन. तिवारी ने सौंपा पुरस्कार

एजेंसी



**रायपुर।** प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल (88 वर्ष) को आज उनके रायपुर स्थित निवास पर आयोजित एक सादगीपूर्ण समारोह में 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मान भारतीय ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आर. एन. तिवारी ने उन्हें सौंपा।

समारोह में साहित्य, कला और संस्कृति जगत की अनेक प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। वह हिंदी के 12वें लेखक हैं, जिन्हें यह सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान मिल मिला है और छत्तीसगढ़ राज्य से यह पुरस्कार पाने वाले वह पहले व्यक्ति हैं।

सम्मान समारोह में वक्ताओं ने साहित्यकार शुक्ल के रचनात्मक अवदान और हिंदी साहित्य को मिले उनके विशिष्ट योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। विनोद कुमार शुक्ला आधुनिक हिंदी साहित्य के चुनिंदा कथाकारों और कवियों में शामिल है, जिन्होंने अपनी विशिष्ट भाषा, शांत गहनता और अद्भुत कल्पनाशीलता के बल पर साहित्य को नई संवेदना दी। उनकी प्रमुख कृतियां-नौकर की कमीज खिलेगा तो देखेंगे और दीवार में खिड़की रहती थी, लगभग जयहिन्द जैसे उपन्यासों तथा कई उल्लेखनीय कविता संग्रह, समाज के सूक्ष्म अनुभवों, साधारण मनुष्यों की दुनिया और जीवन की विसंगतियों को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करती हैं।

## शरीर की सामान्य हरकतों से बिजली बनाने वाला पदार्थ तैयार

### बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज सीईएनएस के वैज्ञानिकों ने हासिल की उपलब्धि

▸ विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्त संस्था है सीईएनएस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा खास लचीला पदार्थ तैयार किया है जो शरीर की सामान्य हरकतों जैसे दिल की धड़कन, सांस लेना, उंगलियों की हलचल या चलाने से खुद ही बिजली बना सकता है।

यह उपलब्धि बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज सीईएनएस के वैज्ञानिकों ने हासिल की है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का स्वायत्त संस्था है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, वैज्ञानिकों ने टंग्स्टन ट्राइऑक्साइड नाम के विशेष नैनो कणों को पीवीडीएफ नाम की लचीली प्लास्टिक सामग्री में मिलाकर एक नया मिश्रित पदार्थ बनाया है, जो दबाव और खिंचाव जैसी गतिविधियों को बिजली में बदलने की क्षमता रखती है। शोध टीम ने इन नैनो कणों को चार अलग-अलग आकारों में तैयार कर जांच की, जिनमें फूल जैसी आकृति वाले कण सबसे प्रभावी पाए गए। इनकी सतह पर अधिक विद्युत आवेश होता है, जिससे ये प्लास्टिक में सबसे अच्छी तरह घुलमिल जाते हैं और ज्यादा बिजली पैदा करते हैं।


शोधकर्ताओं ने सिर्फ पदार्थ तैयार नहीं किया, बल्कि यह भी तय किया कि प्लास्टिक में नैनो कणों की कितनी मात्रा रहने से ऊर्जा उत्पादन सबसे ज्यादा होगा। इसके बाद टीम ने इसका उपयोग करके छोटे-छोटे स्वयं ऊर्जा पैदा करने वाले उपकरण भी बनाए और उनका सफल परीक्षण किया। इन उपकरणों ने हल्की गतिविधि जैसे उंगली का मोड़ना या टेबल पर हल्की थापसे भी साफ और स्थिर विद्युत संकेत पैदा किए। यह शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका एसीएस अप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक मटेरियल्स में प्रकाशित हुआ है।

**यह तकनीक जीवन के कई क्षेत्रों में ला सकती है बदलाव**

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह तकनीक वास्तविक जीवन में कई क्षेत्रों में बड़ा बदलाव ला सकती है। विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में, जहां मरीज की दिल की धड़कन, सांस, नाड़ी और चलने जैसी गतिविधियों की लगातार निगरानी बेहद जरूरी होती है, यह तकनीक बिना किसी बाहरी बिजली स्रोत के यह काम कर सकती है। नया पदार्थ स्मार्ट कपड़ों, फिटनेस बैंड़ों, मोशन सेंसरों और चिकित्सा उपकरणों में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे शरीर में पहने जाने वाले उपकरण का आकार और वजन कम होगा, बैटरी बदलने की जरूरत खत्म होगी और लगातार कामकाज संभव हो सकेगा। इसके अलावा यह तकनीक भविष्य में ऊर्जा बचत और हरकत से ऊर्जा बनाने वाले स्मार्ट वस्त्रों और उपकरणों में भी इस्तेमाल की जा सकेगी।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,23,980/ |
| 22 कैरेट | = | 1,13650/ |
| 18 कैरेट | = | 92,990/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 161,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**तमिलनाडु के तिरुचेंदूर मंदिर परिसर में रील बनाने पर रोक**

**तिरुचेंदूर।** तमिलनाडु के तिरुचेंदूर में श्री सुब्रमण्य स्वामी मंदिर प्रशासन ने रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। मंदिर प्रशासन ने मंदिर परिसर में रील बनाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। हाल ही में एक महिला के नृत्य की रील बनाए जाने के बाद मंदिर परिसर में चेतावनी वाले बैनर भी लगाए गए हैं। तिरुचेंदूर स्थित श्री सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर न केवल तमिलनाडु में बल्कि विश्व भर में मुरुगन भक्तों के लिए एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थान है।

**पश्चिम बंगाल व पूर्वोत्तर में भूकंप के तेज झटके**

**कोलकाता।** शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे कई जिलों में लोग घरो और इमारतों से घबराकर बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंदी में था, जहां सुबह 10.08 बजे 13 किलोमीटर दक्षिण दक्षिण पश्चिम में 5.7 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसकी गहराई 10 किलोमीटर बताई गई। कोलकाता में झटके अचानक महसूस होते ही कई इलाकों में लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में सड़क पर निकल आए। पार्क स्ट्रीट, काकुरगाछी, बीटी रोड और साल्ट लेक जैसे क्षेत्रों में इमारतों से बाहर निकलती भीड़ देखी गई। कुछ स्थानों पर मल्टीस्टोरी इमारतों के निवासियों ने बताया कि झटकों के दौरान कमरे की दीवारें और फर्नीचर हिलते महसूस हुए।

**बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की पंच पूजा शुरु**

**देहरादून।** भू बैकुंठ बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को बंद होने से पहले की पंच पूजा आरंभ हो गई है। रावल अमरनाथ नंबूदरी व धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पहले दिन परंमपरागत विधिविधान से धाम में स्थित भगवान गणेश मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के समय मौजूदगी के पुण्यअर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहले दिन प्रथम पूज्य विघ्नहरता भगवान गणेश का आह्वाहन किया गया। श्रृंगार पूजन और देर सायं अभिषेक पूजन व भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विधिविधान से गणेश मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

**दिल्ली हाईकोर्ट से गौतम गंभीर को मिली बड़ी राहत**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, उनके एक संगठन और अन्य के खिलाफ महामारी के दौरान कोविड-19 दवाओं के 'अवैध' भंडारण और वितरण के लिए आपराधिक शिकायत खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने यह आदेश उस अर्जी पर दिया जिसमें गंभीर, उनकी पत्नी, मां और संगठन के खिलाफ निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी गई थी और आपराधिक शिकायत को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

# हमास जैसे हमलों के इरादे में था जैश

### दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने किया खुलासा, कश्मीरी अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश

एजेंसी



इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की ली गई तलाशी

**एनआईए और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 2 और डॉक्टरों डॉ. जुनैद यूसुफ और डॉ. नासिर राशिद से पूछताछ की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये दोनों टेरर मॉड्यूल के आतंकियों के संपर्क में थे। फिलहाल जांच एजेंसी पता लगा रही है कि इनका आतंकी मॉड्यूल से क्या संबंध था।**

**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया हैं। सूत्रों के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है। ऐसा माना जा रहा है कि इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए शुक्रवार को भी गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान बुधवार से ही जारी है।

आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था। अब फिर अस्पतालों को ठिकाना बनाया जा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगा रही हैं कि इस मॉड्यूल ने कितने अस्पतालों को ठिकाना बनाने की कोशिश की और हथियारों की सप्लाई चेन कहां तक फैली हुई थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही एनआईए और स्थानीय पुलिस इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में लगी है।

जैश के हैंडलर और डॉ. मुजम्मिल को मौलवी ने मिलवाया था- सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से जैश के हैंडलर हंजुल्ला ने दिल्ली धमाके के आरोपी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई को बम बनाने के 40 वीडियो भेजे थे। दोनों को जम्मू के शोपियां का रहने वाले मौलवी इरफान अहमद ने मिलवाया था। इसके बाद व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल तैयार किया था और कई डॉक्टर्स को इससे जोड़ा गया। दिल्ली धमाका भी इसी मॉड्यूल का हिस्सा था। जांच में यह भी सामने आया है कि हंजुल्ला जैश हैंडलर का कोर्ड नेम हो सकता है। 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नौगाम में लगे जैश पोस्टरों में भी कमांडर हंजुल्ला भैया का नाम था। इसी से जांच एजेंसियों को शक हुआ। एनआईए ने फरीदाबाद के धौज गांव में रह रहे एक टैक्सी ड्राइवर के घर से आटा चक्की और कुछ इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद कीं। इसमें मेटल पिघलाने की मशीन भी है। जांच एजेंसी को जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसी आटा चक्की में डॉ. मुजम्मिल यूरिया पीसता था, फिर मशीन से उसे रिफाइन करता था। इसके बाद केमिकल मिलाकर विस्फोटक बनाता था। केमिकल अलफलाह यूनिवर्सिटी की लैब से चुराया था। मुजम्मिल की निशानदेही पर ही ड्राइवर को दबोचा गया है। ड्राइवर ने जांच टीम को बताया कि मुजम्मिल चक्की उसके घर रख आया था। तब उसने इसे बहन का दहेज बताया था। थोड़े दिन बाद वह चक्की धौज ले गया। मुजम्मिल जिस कमरे में यूरिया पीसता था, वहीं से 9 नवंबर को पुलिस ने 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक जब्त किए थे। उसने धौज से 4 किमी दूर फतेहपुरतगा में एक और कमरा ले रखा था।

**2020 के दिल्ली दंगों में हुई थी टेरर फंडिंग**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया। राजू के मुताबिक, ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई। दंगे से पहले कई मीटिंग की गईं। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी। सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है। चक्का जाम का मकसद सिर्फ सड़क रोकना नहीं था, बल्कि जरूरी सेवाएं रोककर दिल्ली को ठप करना था। 13 और 15 दिसंबर 2019 की घटनाओं में 45 पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा नागरिक घायल हुए और कई बसें और सरकारी संपत्तियां जलाई गईं। ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, इशरत जहां, खालिद सैफी और मीरन हैदर ने दंगों के लिए कुल करोड़ों की फंडिंग की।

## उत्तर प्रदेश महिला उद्यमिता को नई ऊंचाई देने के लिए प्रतिबद्ध

▸ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में फिक्की फ्लो के राष्ट्रीय अधिवेशन का आगाज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में फिक्की फ्लो के राष्ट्रीय अधिवेशन का आगाज शुक्रवार शाम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ। तीन दिवसीय मेगा इवेंट में मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। सीएम योगी ने कहा उत्तर प्रदेश महिला उद्यमिता को नई ऊंचाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले सात वर्षों में यूपी ने कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, निवेश और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, जिससे महिलाओं के लिए नए अवसर खुले हैं। महिला उद्यमिता, स्टार्टअप इनोवेशन और 'मेक इन यूपी' को वैश्विक पहचान दिलाने की चुनौतियों पर केंद्रित कार्यक्रम का सीएम ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

फिक्की फ्लो के वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के 25 से अधिक चैप्टरों से 500 से अधिक महिला उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति निर्माता लखनऊ पहुंचे हैं। इस बार सम्मेलन का मुख्य फोकस उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक सहभागिता बढ़ाना, एमएसएमई सेक्टर में महिला नेतृत्व को आगे लाना और स्टार्टअप इकोसिस्टम में नई संभावनाओं पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा आज यूपी महिला सुरक्षा और महिला स्वावलंबन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है।

> उत्तर प्रदेश महिला नेतृत्व और औद्योगिक विकास का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। सरकार कौशल विकास के लिए बहुत पैसा दे रही है। इससे ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, हैंडलूम, अगरबत्ती, सेनेटरी पैड, हेल्थ न्यूट्रिशन प्रोडक्ट तैयार करना सिखाया जा रहा है। अधिवेशन के दौरान महिला उद्यमियों के लिए स्टार्टअप एक्सपो, निवेशक उद्यमी मीट, बिजनेस इनक्यूबेशन सेशन, फैशन, लाइफस्टाइल शोकेस और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मास्टरक्लास आयोजित की जाएंगी।
> **पूनम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, फिक्की फ्लो**

**ईडी ने कोयला कारोबारियों के 18 ठिकानों पर मारे छापे करोड़ों की संपत्ति जब्त**

**रांची/धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे कोयला कारोबार से जुड़े झारखंड के कारोबारियों के कुल 18 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी रांची ने दुमका और धनबाद स्थित कोयला के चर्चित कारोबारी लाल बाबू सिंह सहित अन्य कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान झारखंड के विभिन्न ठिकानों से दो करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये हैं। 120 से ज्यादा जमीन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा निवेश से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। दुमका के अमर मंडल के ठिकानों से जमीन के कारोबार से संबंधित दस्तावेज मिले हैं।

## दुबई एयर शो में भारत का लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट की मौत, होगी जांच

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दुबई एयर शो के दौरान क्रैश हुए भारत के तेजस विमान हादसे में पायलट की मौत हो गई है। भारतीय वायु सेना ने दुबई एयर शो के दौरान हुए तेजस विमान हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। दुर्घटना का यह दृश्य बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला था। जांच टीमें घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई हैं।

दुबई में 17 नवम्बर से शुरू हुए एयर शो में वायु सेना की सारंग डिस्प्ले टीम और लड़ाकू विमान तेजस ने भारत की आसमानी ताकत का प्रदर्शन किया है। युद्धाभ्यास करने के साथ ही भारत के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस ने अपने अंदाज में दुबई के लोगों और दुबई एयरशो के आगंतुकों को नमस्ते करके वाहवाही लूटी। इस मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी में भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एलसीए तेजस को अपने स्टॉल में प्रदर्शित किया है। एलसीए की आसमानी ताकत देखकर कई देशों ने तेजस के प्रति आकर्षित होकर अपनी रुचि दिखाई है। वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और तेजस फाइटर्स वाली एक टुकड़ी दुबई एयर शो के लिए दुबई के अल मकतूम एयरबेस पर उतरी थी।

**23वें विधि आयोग की सदस्य सचिव नियुक्त हुई डॉ. अंजू राठी राणाग**

**नयी दिल्ली।** भारतीय विधि सेवा की अधिकारी और विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग में सचिव डॉ. अंजू राठी राणा को 23 वें विधि आयोग का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। समिति ने भारतीय विधि सेवा के अधिकारी डॉ. राजीव मणि जो अभी विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग में सचिव हैं को विधि विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। समिति के अन्य निर्णयों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नीरज मित्तल को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।

## भारत को अमेरिका से मिला हवा में ही ईंधन भरने वाला बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर

▸ भारत के रिफ्यूलर फ्लीट में अभी छह रूसी इल्यूशिन-78 टैंकर हैं, जिन्हें पहली बार साल 2003 में किया गया था शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अमेरिका से लीज पर लिया गया हवा में ही ईंधन भरने वाला विमान बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर मिला गया है। विमान शुक्रवार सुबह आगरा के वायु सेना स्टेशन पर उतरा है। यह पूरी तरह से वेट लीज पर लिया गया विमान है, जिसका मतलब है कि एयरक्राफ्ट को अमेरिकी फर्म मेट्रिया मैनेजमेंट के पायलट और क्रू उड़ाएंगे, चलाएंगे और रखरखाव करेंगे।

यह टैंकर विमान मिलने से आधुनिक युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना को हवा में ही ईंधन भरने में आसानी होगी।

भारत के रिफ्यूलर फ्लीट में अभी छह रूसी इल्यूशिन-78 टैंकर हैं, जिन्हें पहली बार साल 2003 में शामिल किया गया था। पुराने पड़ते इन टैंकरों की मरम्मत और रखरखाव में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन विमानों की दृश्यता भी काफी कम है, जिससे लंबी दूरी के मिशन या बिना लैंड और रिफ्यूल किए ज्यादा उड़ान भरने में दिक्कत थी। वायु सेना साल 2007 से छह मिड-एयर रिफ्यूलर लेने की कोशिश कर रही है लेकिन राजनयिक देरी और आर्थिक दिक्कतों की वजह से उसे कामयाबी नहीं मिली।



**कामयाबी** | 52,000 से अधिक जलाशयों, तालाबों, टंकी प्रणाली का संरक्षण व पुनरुद्धार में लाया गया सुधार

## जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बना राष्ट्रीय मॉडल

समृद्धि न्यूज



योगी का यूपी अन्य राज्यों के लिए बना नजीर। सरकार ने जल संरक्षण व संचय में अमृत मिशन के तहत स्वच्छता के साथ 75 जिलों में जलाशय पुनरुद्धार व वर्षा जल संचयन की योजनाएं तेजी से कीं लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल संरक्षण क्षेत्र में राष्ट्रीय मॉडल बन गया है। 'योगी का यूपी' अन्य राज्यों के लिए नजीर बन गया है। योगी सरकार ने जल संरक्षण व संचय में अमृत मिशन के तहत स्वच्छता के साथ 75 जिलों में जलाशय पुनरुद्धार एवं वर्षा जल संचयन की योजनाएं तेजी से लागू कीं।

52,000 से अधिक जलाशयों, तालाबों, टंकी प्रणाली का संरक्षण और पुनरुद्धार ग्रामीण जल स्तर में सुधार लाया गया। यही नहीं, उत्तर प्रदेश ने बुंदेलखंड व विंध्य में हर घर जल को भी अमलीजामा पहनाया। जल संकट से निपटने के लिए जल संवर्धन जन आंदोलन चलाकर सामाजिक जागरूकता भी लाई जा रही है।

जलाशय पुनरुद्धार व वर्षा जल संचयन (अमृत मिशन) के तहत 75 जनपदों में जलाशयों का पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य पूरा किया गया। वहीं अमृत मिशन 2.0 के तहत शहरी क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा तैयार किया गया। 52,000 से अधिक तालाबों व जलाशयों का पुनरुद्धार कार्य किया गया। इससे ग्रामीण जलस्तर में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया। वहीं यूपी में भूजल पुनर्भरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत लगभग 42 हजार से अधिक संरचनाओं (रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम) आदि का निर्माण किया गया। इस व्यापक अभियान ने भूजल पुनर्भरण में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने में मदद की। योगी सरकार ने सामाजिक जागरूकता (विद्यालय अभियान) के तहत 1.20 लाख से अधिक विद्यालयों व 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संरक्षण अभियान लागू किया गया। इसके जरिए बच्चों व युवाओं के माध्यम से सामुदायिक व्यवहार में बदलाव लाकर जल आंदोलन को सामाजिक बल प्रदान किया गया।

**22000 से अधिक जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ी**

सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, 22000 से अधिक जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ी है। नहर व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी। इससे 9 लाख किसानों व ग्रामीण आबादी को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को भी संरक्षित किया जा सकेगा। भूजल उपयोग की निगरानी के लिए सेंसर आधारित जलमापन यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है।

## बिहार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा, सम्राट चौधरी बने नए गृह मंत्री

एजेंसी



**पटना।** बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। यह पहला मौका है जब गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री की बजाय उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया है।

नई गठबंधन सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कोटे से शामिल मंत्रियों को भी उनके विभाग आवंटित कर दिए गए हैं।

विभागों के बंटवारे में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखा गया है, ताकि प्रशासनिक कामकाज को गति दी जा सके। विभागों के बंटवारे के साथ ही नई सरकार ने प्रशासनिक कामकाज को गति देने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग आवंटन में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखते हुए संतुलन साधने की कोशिश की गई है।

# केन्द्रीय संस्कृत विवि में 10 दिवसीय 'खादी महोत्सव-2025' का भव्य उद्घाटन

## विभिन्न जनपदों से आए 160 से अधिक उद्यमियों व इकाइयों द्वारा स्थापित स्टॉल में खादी व ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का किया गया प्रदर्शन

▸ ग्रामीण कारीगरों के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिला नया आयाम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय 'खादी महोत्सव-2025' का भव्य उद्घाटन किया।

मंत्री सचान ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 160 से अधिक उद्यमियों एवं इकाइयों द्वारा स्थापित स्टॉल में खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। खादी को गांधीजी ने स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा कहा था। विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और स्वदेशी वस्त्र के रूप में खादी ने आजादी के आंदोलन में पूरे देश को एकजुट किया था। आज वही खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन चुकी है।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं चयनित लाभार्थियों को विभिन्न टूलकिट वितरित कर सम्मानित किया गया।इस दौरान प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि खादी आधुनिक डिजाइनों और तकनीकों के माध्यम से युवाओं की पहली पसंद बन रही है। फैशन शो एवं निफ्ट जैसी संस्थाओं की सहभागिता से खादी को नया स्वरूप मिल रहा है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट के माध्यम से खादी उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है, जिससे कारीगरों को अधिक आय और पहचान मिल रही है।

### 20 प्रदर्शनियों में 2000 से अधिक इकाइयों की भागीदारी रही

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी हुई है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता, स्वदेशी, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर भारत के अभियान के अंतर्गत खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 18 मंडलों में खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले वर्ष आयोजित कुल 20 प्रदर्शनियों में 2000 से अधिक इकाइयों की भागीदारी रही। 44.38 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गयी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना मेकिंग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं।

# बैठक के बाद एक्टिव मोड में मायावती छह दिसंबर को नोएडा में करेंगी बड़ी रैली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती प्रदेश में अपने खोए हुए जनाधार को बढ़ाने की तैयारी में जुट गई हैं। जिससे आने वाले विधान सभा चुनाव 2027 में एक बार सत्ता में वापसी कर सकें। इसे लेकर मायावती ने प्रदेश में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाने में जुट गई है।

राजधानी में हुई विशाल रैली ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी है, जिसके बाद अब बीएसपी अपनी ताकत नोएडा में दिखाने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में 6 दिसंबर को नोएडा में बड़ी रैली आयोजित की जा रही है, जिसमें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती खुद शामिल होंगी। बीएसपी नोएडा रैली को अपनी राजनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा मान रही है। सूत्रों का कहना है कि लखनऊ रैली में मिली उम्मीद से ज्यादा भीड़ ने शीर्ष नेतृत्व को बेहद उत्साहित किया है।

अब मायावती नोएडा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनआरसी के वोटरों को संदेश देने की योजना बना रही हैं। रैली में बड़ी संख्या में दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक और व्यापारी वर्ग के जुड़ने की संभावना जताई जा रही है। रैली की तैयारियों को लेकर जिलों में लगातार बैठकें चल रही हैं। गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, अलीगढ़, मेरठ और आगरा के जिलाध्यक्षों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# खबरें एक नजर में

### ऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन का आधार है : उमानन्द शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''शेरवुड कॉलेज ऑफनर्सिंग, सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग के पास, धरसनिया, बाराबंकी, उ0प्र0'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 453वां ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुकेश श्रीवास्तव (पुत्र) एवं उर्मिला श्रीवास्तव (पुत्रवधु) ने अपने माता-पिता स्व0 श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव एवं स्व0 कौशल किशोर श्रीवास्तव की स्मृति में संस्थान के पुस्तकालय में युग ऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किये तथा उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किये।इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि फ्रऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन का आधार है।फ्र इस अवसर पर वी0के0 श्रीवास्तव एवं संस्थान के निदेशक (सामान्य प्रशासन) सतीश कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्ध्त किये। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ0 राज अमित सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, वी0के0 श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव एवं संस्थ्थान के निदेशक (सा0प्र0) सतीश कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य डॉ0 राज अमित सिंह, निदेशक प्रदीप पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर शिवांगी मौर्य, रजिस्ट्रार श्री विजय यादव, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

### हटाई अवैध डेरियां, आठ भैंस, सात गाय, एक बछिया जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरी स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार जोन-1 के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में अवैध डेय्रियों के खिलाफसख्त अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत अमीनाबाद थाना अंतर्गत गणेशगंज, हाथीखाना स्थित अवैध डेरियों पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान कुल 08 भैंस,7 गाय, 1 बछिया जब्त की गयी। जिन्हें ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। इन पशुओं को केवल निर्धारित जुर्माना जमा करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा।यह कार्यवाही आईजीआरएस पोर्टल व स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें डेरी संचालकों द्वारा गोबर को खुले प्लॉटों में फेंकने एवं नालियों में बहाने से गंदगी, जलभराव और मच्छरजनित रोगों की आशंका व्यक्त की गई थी। अभियान में पुलिस बल, प्रवर्तन दल एवं पशु कल्याण विभाग की संयुक्त भागीदारी रही।

### परिवहन मंत्री का आवास घेरने पहुंचे लोडर ड्राइवर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ऑटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति सदस्य परिवहन मंत्री का आवास घेरने पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आवास से पहले ही रोक लिया जिससे, नाराज होकर सभी ने जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। लोडर चालक बोले हमसे 2 हजार रुपए अवैध वसूली की जा रही है। अगर यह न रुकी तो हम सीएम आवास के बाहर आत्मदाह कर लेंगे। लोडर समिति सदस्य दयाशंकर सिंह के आवास पर जाकर ज्ञापन देना चाहते थे। पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों को आवास से दूर ले आए। इससे पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में तीखी नोकझोंक हो गई। प्रदेश अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने कहा हम लोगों से 22 हजार एक बार में चालान के नाम पर जुर्माना वसूला जा रहा है जो की बेहद ज्यादा है। हमारी मांग यह है कि 1988 मोटर अधिनियम कानून के तहत जुर्माना वसूला जाए। उत्तराखंड में यह जुर्माना 2000 प्रति टन है। उत्तर प्रदेश में यही जुर्माना 22000 वसूला जा रहा है।

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शिविर में दी विद्युत बिल राहत योजना की दी जानकारी

# कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले न रहे दबा

▸ योजना सरकार की पारदर्शी संवेदनशील और जनहितैषी सोच का प्रतिबिंब : शर्मा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में बहुद्देशीय भवन मंगलम में विद्युत शिविर में विद्युत राहत योजना के बारे में बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को इस योजना की जानकारी देते हुए उन्हें इसका लाभ प्रदान करें। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विद्युत बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत बकाया धनराशि को एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

उन्होंने इस योजना को जनता के लिए सरकार का उपहार और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। इस योजना से एक ओर जहां सरकारी खजाने में भारी राजस्व की वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत प्राप्त होगी।

विभाग ओवर बिलिंग और अंडर बिलिंग वाले उपभोक्ताओं के बिलों का भी संशोधन करेगा, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े और उन्हें सही व पारदर्शी बिलिंग का लाभ मिले। ÷यह केवल एक छूट योजना नहीं, बल्कि उपभोक्ता के विश्वास और पारदर्शिता को पुनः स्थापित करने की मुहिम है। ऐसे उपभोक्ताओं को बिल की धनराशि जमा करने हेतु एक मासिक औसत धनराशि निधारित की गई है। इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट पर, संबंधित खंड, उपखंड कार्यालय, जन सेवा केंद्र एवं विभागीय कैश काउंटर से पंजीकरण कर सकते हैं।

### एकमुश्त बिल जमा करने पर बकाए पर 25 प्रतिशत की छूट

योजना के अंतर्गत यदि कोई उपभोक्ता अपना बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है, तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। प्रथम चरण 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक) पंजीकरण कराने पर 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक में 20 प्रतिशत तथा तृतीय चरण 1 फ़रवरी 2026 से 28 फ़रवरी 2026 तक पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। फ्रजो उपभोक्ता पहले पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। इसलिए प्रदेश के नागरिकों से अपील है कि वे योजना के प्रथम चरण में ही भाग लें। योजना घरेलू उपभोक्ताओं 2 किलोवाट तक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं 1 किलोवाट तक दोनों के लिए लागू होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्रावधान किया गया है। इससे उन उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी जो अनजाने में तकनीकी अथवा मीटर संबंधी त्रुटियों के कारण विवादों में फंसे थे।

### राष्ट्रीय लोकदल ने शुरू कर दी पंचायत व 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल पूरे उत्तर प्रदेश में तेजी से अपने संगठन को विस्तार देने, जनाधार को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने के व्यापक अभियान में जुटा हुआ है। पार्टी का उद्देश्य प्रदेश के हर जिले, हर तहसील और हर ग्राम पंचायत तक अपनी पहुँच बनाकर एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरना है। आगामी पंचायत चुनावों तथा उसके बाद 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल, एनडीए गठबंधन के साथ पूर्ण शक्ति, रणनीति और सशक्त संगठन के बल पर चुनावी तैयारी में जुट गया है। राष्ट्रीय लोक दल अब केवल पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर अपने जनाधार को सुदृढ़ कर रहा है।

# कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस का गोसाईगंज स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अपने सम्मानित यात्रियों को बेहतर एवं सुलभ यात्री सुविधाएँ प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। गाड़ी संख्या 12226/12225 कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस (दिल्ली-आजमगढ़-दिल्ली) का गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव आज से प्रारम्भ हो गया।

इस अवसर पर सांसद लालजी वर्मा तथा विधायक अभय सिंह द्वारा गोसाईगंज स्टेशन पर पहुँचकर कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह स्टॉपेज सदस्य विधान परिषद हरी ओम पाण्डेय के सतत प्रयासों एवं जनसुविधा के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के फलस्वरूप सम्भव हुआ है। सांसद ने कहा कि कैफियात सुपरफास्ट एक्सप्रेस का यह नया ठहराव स्थानीय यात्रियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण सुविधा होगी। इससे न केवल क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, बल्कि दैनिक आवागमन तथा लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करेगा।

### एसडीएम के घर चोरी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार 30 लाख के जेवर बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने एसडीएम के घर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 30 लाख का चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस गैंग में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश कर रही है। सांई सिटी मड़ियांव निवासी अनामिका श्रीवास्तव फतेहपुर में एसडीएम हैं। उनके घर में 24 अक्टूबर को रात करीब 2.30 बजे चोर घुसे और घर में रखे कीमती जेवर और नगदी चोरी करके फरार हो गए। मड़ियांव पुलिस शुक्रवार सुबह भिठौली तिराहे पर गश्त कर रही थी।

# दालमंडी में भाजपा कभी जीतती नहीं, इसलिए यहां बदले की भावना से कराई जा रही तोड़फोड़ : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** वाराणसी के दालमंडी में मकान तोड़े जाने और चौड़ीकरण परियोजना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे राजनीतिक डेमोलिशन करार देते हुए कहा कि दालमंडी में भाजपा कभी जीतती नहीं, इसलिए यहां बदले की भावना से तोड़फोड़ कराई जा रही है।

बनारस के कई बूथों का प्रिंट दिखाते हुए अखिलेश ने कहा कि बूथ देखिए तो दालमंडी में कभी भाजपा को वोट नहीं मिले। यहां वोट नहीं मिलते इसलिए यहां तोड़फोड़ हो रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा वाले दूसरों को दुख-तकलीफ देने वाले लोग हैं। भाजपा को लोगों की दुकानें छीनने का अधिकार किसने दिया है। नकारात्मक सोच वाले कुदरत के फैसले से बच कर रहें। किसी दिन राजनीति उनकी ढह जाएगी। लखनऊ में हमने देखा कि अकबरनगर को पूरा धराशायी कर दिया। लोग हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट गए लेकिन कुछ नहीं हुआ। कई लोगों के मकान दुकान को अवैध घोषित करके कुछ हासिल नहीं होने देंगे। भाजपा वाले नक्शा पास कराने की बात करते हैं। मुख्यमंत्री आवास का नक्शा पास है क्या? इस सरकार ने अपनी जमीन अधिगृहित किया तो खूब मुआवजा लिया। मनचाहा मुआवजा लिया गया। इस बात को सदन में भी कहा था। जैसा मुआवजा आपने अपने जमीन का लिया, इन्हें भी वैसा ही मुआवजा दे दो। अखिलेश ने दावा किया कि सपा सरकार में बनारस के लिए मेट्रो का डीपीआर तैयार था। हमने लखनऊ-कानपुर में मेट्रो चला दी, अगर बनारस में यह लोग मेट्रो बना देते तो दालमंडी को तोड़ना नहीं पड़ता।

# प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने न्याय : मुख्यमंत्री योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।

सीएम योगी ने लखनऊ में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ संवाद को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ संवाद का साधन है। कुछ समय पहले संयुक्त् राष्ट्र ने दुनिया के सामने 16 लक्ष्य रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है। जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। उन्होंने कहा कि इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं।

# सौ स्वच्छता कर्मियों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण

▸ नगर निगम मुख्यालय लालबाग में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम द्वारा स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को त्रिलोक नाथ हॉल, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया, एचसीएल फाउंडेशन और जलकल विभाग, लखनऊ नगर निगम के संयुक्त सहयोग से 'स्वच्छ उदय' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों के बारे में जानकारी देना और उन्हें आधुनिक उपकरणों का सही उपयोग सिखाना है। इस प्रशिक्षण में 100 से अधिक स्वच्छता कर्मियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन लगभग 60 सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी स्थिति में सीवर लाइन में मैन्युअल एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है और सभी कार्य मशीनों, गैस मॉनिटरिंग उपकरण तथा सुरक्षा किट के साथ ही किए जाने चाहिए। प्रशिक्षण में उन्हें आपातकालीन स्थिति में क्या करना चाहिए, इस बारे में भी विस्तार से समझाया गया। विशेष रूप देने की विधि भी सिखाई गई, ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल मदद की जा सके। स्वच्छता कर्मियों को मास्क, हेलमेट, ग्लव्स और गमबूट जैसे सेफ्टी इक्विपमेंट के सही इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में सीवर और नालों से जुड़ा हर कार्य मशीन आधारित और सुरक्षित तरीके से ही किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# पटना से बैदा बुला दा ....लोक नृत्य ने बांधा समां

▸ कवियों/कवित्रियों ने दी काव्य रचना की प्रस्तुति

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के एलडीए कालोनी स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस इंस्पेक्टर देश दीपक आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ हुआ।

संस्कृतिक मंच पर हिंदी साहित्य अकादमी लखनऊ संभाग द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025 के मंच पर एक सुंदर काव्य संध्या का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। काव्य संस्था के आयोजन हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष सौरभ जैन सुमन और डॉ. अनामिका जैन अंबर एवं संयोजक और संचालक कवित्री डॉ. वंदना श्रीवास्तव वान्या रही। कार्यक्रम में शिखा श्रीवास्तव ने प्यार के पथ पर बनाकर आशियाना हम चले.... हथियार तक उठाए हैं मां ने देश की रक्षा के लिए -वंदना श्रीवास्तव ने काव्य रचना से देशभक्ति का भाव समर्पित किया एवं दर्शकों द्वारा खूब बटोरी तालियां, रविंद्र श्रीवास्तव ने सांस कब.. सुनील मल्होत्रा जिंदगी क्या है.. डॉक्टर सीमा श्रीवास्तव आई बरखा सुहानी ..... पारुल मल्होत्रा अगर तुमको तेरा.. अंशु पाठक नाम गुम जाएगा.... डॉक्टर अनामिका, अभिषेक, सरोज बाला सोनी, वरुष्का पांडे ,सत्यदेव सिंह, वान्या, शुभम शुक्ला, रत्नेश राज अनुराग कवियों/कवित्रियों ने अपने अपने काव्य संरचना पढ़ी। कार्यक्रम के अगले सोपान में रितु सिंह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग विभाग द्वारा अवधी लोक नृत्य कर दर्शको को मंत्रमुग्ध किया। प्राजंलि पटेल ने जगदंबा घर में दियरा.... गीत की प्रस्तुति दी। दिनभर जहां रहियो हमार पिया... छोटे से नन्हें से हमका मिला रे बालम.... नीतू सिंह गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। ग्रुप डांस में पटना से बैदा बुला दा ....लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

# भारत स्काउट व गाइड के डायमंड जुबली कार्यक्रम का आयोजन कल से 29 तक

▸ एडीजी फायर पद्मजा चौहान ने किया अस्थाई स्टेडियम का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** आज पद्मजा चौहान अपर पुलिस महानिदेशक, उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा द्वारा जनपद लखनऊ के डिफेंस एक्सपो स्थल वृंदावन योजना लखनऊ में दिनांक 23 से 29 नवंबर तक प्रस्तावित भारत स्काउट एवं गाइड के डायमंड जुबली जम्बूरी कार्यक्रम के दृष्टिगत स्थल पर निर्मित हो रहे अस्थाई स्टेडियम, विभिन्न हैंगर, हॉस्टल, टेन्ट्स इत्यादि का सुदृढ़ अग्नि की सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के उद्देश्य से भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अंकुश मित्तल मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ एवं भारतेंदु जोशी, नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी तथा मामचंद बड़गूजर, अग्निशमन अधिकारी पीजीआई मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पद्मजा चौहान ने जनपदीय एवं अन्यत्र जनपदों से ड्यूटी में लगे विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम में देश-विदेश के लगभग 35000 से अधिक स्काउट द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा तथा कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न अति विशिष्ट गणमान्य लोगों का आगमन संभावित है।

सुविधा

## नगर आयुक्त के पार्किंग, रैन बसेरा और नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

# अमीनाबाद में जल्द शुरु होगें तीन नई पार्किंग स्पेस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** शहर में नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार सुबह विस्तृत क्षेत्र भ्रमण किया। 21 नवम्बर 2025 को हुए इस निरीक्षण में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, अमीनाबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की और अधीनस्थ अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

प्रातः भ्रमण की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित घंटाघर पार्किंग से हुई। नगर आयुक्त ने अवस्थापना निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि पार्किंग क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। पार्किंग के शेष हिस्से में इंटरलॉकिंग और सीसी कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। घंटाघर के चबूतरे को व्यवस्थित करने तथा क्षेत्र में उचित स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए सुविधाएँ स्पष्ट और सुलभ होनी चाहिए। नगर आयुक्त ने अमीनाबाद क्षेत्र में हाल ही में खाली कराए गए पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग एप्रोच के लिए रैंप निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके। इसके साथ ही सूचना एवं साइनेज बोर्ड लगाने के लिए भी कहा गया, जिससे पार्किंग उपयोगकर्ताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त हों। अमीनाबाद पार्किंग के पास स्थित रैन बसेरे का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया।

### आश्रयहीन लोगों को सुरक्षित ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उद्देश्य

उन्होंने बताया कि आश्रयहीन लोगों को सुरक्षित और सम्मानजनक ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसके उपरांत रानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित भूमिगत पार्किंग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पार्किंग एप्रोच को और बेहतर बनाने तथा ऊपरी हिस्से में बाइक पार्किंग क्षेत्र बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि बढ़ती वाहन संख्या को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान लाल खंभे की दुकान के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय भी जांचा गया। नगर आयुक्त ने शौचालय के दरवाजे दुरुस्त कराने, वाटर कूलर की व्यवस्था करने और जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ने रैन बसेरे की समग्र व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य

नगर आयुक्त ने रैन बसेरे की समग्र व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। इसमें दरवाजों की मरम्मत, बेडशीट बदलने, किचन की स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था में सुधार शामिल था। इस निरीक्षण दौरे में क्षेत्रीय पार्षद, अपर नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता जोन-1, जोनल अधिकारी जोन-1 समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी अधिकारियों से समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा, ताकि शहरवासियों को बेहतर और सुगम सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

# खेल प्रतियोगिताओं से होता शारीरिक व मानसिक विकासः विधायक

▶ विधायक चेतराम ने किया विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां के मोहम्मदी रोड स्थित सूरबाबा ग्राउंड पर विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। भाजपा विधायक चेतराम एडवोकेट ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वालित कर व फीता काटकर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम विधायक ने सभी बालक-बालिकाओं से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया।



इसके बाद विधायक ने हरी झंडी दिखाकर सभी खेलों का शुरू कराया। सभी बालक-बालिकाओं ने दौड़, भाला फेंक, कुश्ती, बालीवाल, बैडमिंटन आदि जैसी खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बालक बालिकाओं को विधायक चेतराम ने मेडल पहनाकर व सम्मान पत्र वितरित कर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर साथ में नगर पालिका पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता, बीडीओ पुवायां राम प्रकाश राणा, पुनीत शर्मा, ओमेन्द्र चैधरी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग, कार्यक्रम प्रभारी-जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव, पीटीआई सहित समस्त स्टॉफ, बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

▶ स्थानांतरण न होने तक किया कार्य बहिष्कार का ऐलान

**तिलहर, शाहजहांपुर।** अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के स्थानांतरण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। स्थानांतरण न होने तक कार्य बहिष्कार रखने का ऐलान किया। शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेशचंद सक्सेना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार प्रशासन द्वारा कार्य न किए जाने का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। श्री सक्सेना ने कहा कि नायब तहसीलदार परगना जलालपुर व निगोही द्वारा पत्रावलियों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इस लिए अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर रहे है। उन्होंने कहा कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्य में लापरवाही कर रहे है। बोले जब तक नायब तहसीलदार पूनम मधुकर का तबादला नहीं हो जाता वह कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। एसडीएम सदानंद सरोज द्वारा अधिवक्ताओं से वार्ता करने न आने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश नजर आया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार चैंबर बंद करके बैठते हैं। फिलहाल एसडीएम से वार्ता नहीं होने से समस्या का हल नहीं हो सका। इस दौरान महासचिव राजीव सिंह चौहान, विनीत शर्मा, शीलेंद्र मोहन मिश्रा, अमित सक्सेना, श्रीपाल सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता प्रदर्शन में शामिल रहे थे।



## परिवार परामर्श केंद्र में 35 प्रकरणों की सुनवाई, चार दंपतियों में सुलह

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में परामर्श सत्र आयोजित किया गया। सत्र में कुल 35 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 4 दंपत्तियों को आपसी सहमति के आधार पर सुलह कराकर घर भेजा गया। परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी एसआई मधु यादव के नेतृत्व में आए हुए पक्षकारों से बातचीत कर समस्याओं का शांतिपूर्वक समाधान कराया गया। परामर्शदाताओं ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनकर दंपत्तियों को समन्वय व संवाद की महत्ता समझाई। कांट थाना क्षेत्र में दो वर्ष पुराना वैवाहिक विवाद खत्म कराया गया। आवेदिका ने पति पर घरेलू विवाद और मारपीट के आरोप लगाए थे। दो माह से मायके में रह रही थी। केंद्र में दोनों पक्षों की विस्तृत वार्ता के बाद दंपति ने साथ रहने का निर्णय लिया। वहीं थाना बंडा में 11 माह पुराने दांपत्य विवाद में सुलह कराया गया। पत्नी ने पति पर शराब सेवन के बाद मारपीट का आरोप लगाया। परामर्श के बाद दोनों ने आपसी सहमति से पुनः साथ रहने का फैसला किया। इसके अलावा कटरा थाना क्षेत्र में पांच वर्षों से चल रहा विवाद निपट गया। आवेदिका ने पति और ससुराल पक्ष से तनाव की शिकायत की थी। चार माह से अलग रह रहे दोनों पक्ष केंद्र पर आए और परामर्श के बाद सहजीवन जारी रखने पर सहमत हुए। इसके अलावा थाना मदनापुर के 14 वर्ष पुराने विवाद में समझौता हुआ। पति द्वारा शराब सेवन और गाली-गलौज की शिकायत के बीच दोनों पक्षों को बुलाया गया। परामर्श के बाद सुलह बन गई और दंपत्ति को साथ भेज दिया गया। परामर्श सत्र के दौरान महिला उपनिरीक्षक मधु यादव प्रभारी, परिवार परामर्श केंद्र, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी पिंकी, परामर्शदाता अंशु राजानी उपस्थित रहे।

# किसी भी अंजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर न करें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को मिथिलेश कुमारी कन्या इंटर कॉलेज कलान में कन्या भ्रूण हत्या विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओमप्रकाश मिश्र तृतीय द्वारा कन्या भ्रूण हत्या के विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए भारत में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन पर रोक अधिनियम पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 में लागू हुआ था। जो 20 सितंबर 1994 को प्रभावी हुआ। अधिनियम के तहत भ्रूण के लिंग का निर्धारण करना गैर कानूनी है। इसके अतिरिक्त पास्को एक्ट से संबंधित जानकारी दी गई। नगर



कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता ने कन्या भ्रूण हत्या के विषय पर जानकारी दी व थाना प्रभारी कलान प्रभाष चंद्र ने साइबर से संबंधित विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज कल लोग ज्यादातर साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार फोन पर ओटीपी संबंधित फोन आते हैं, किसी भी अंजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर न करें। यदि वह ऐसा करते हैं तो उनका बैंक बैलेंस खाली हो सकता है। प्राविधिक स्वयंसेवक अनूप कुमार द्वारा बच्चों को जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण से दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लिपिक मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया।विद्यालय प्रबंधक राजीव गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में उपस्थित प्राविधिक स्वयंसेवक राममूर्ति कश्यप, सभासद संदीप गुर्जर, राजस्व निरीक्षक विश्राम सिंह, भूपेंद्र कश्यप आदि विद्यालय स्टॉफ, छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## 17 किमी सड़क चौड़ीकरण का विधायक ने किया शिलान्यास

# भाजपा सरकार में हो रहा चौमुखी विकासः चेतराम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड बंडा में खुटार मार्ग से सुनासिर नाथ धाम होते हुए पीलीभीत बस्ती मार्ग तक 17 किमी मार्ग का चैडीकरण व सुद्रढीकरण का कार्य का शिलान्यास भाजपा विधायक चेतराम द्वारा बटन दबाकर व पूजन के साथ नारियल फोड़कर किया गया। विधायक चेतराम एडवोकेट ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारी भाजपा सरकार में देश व प्रदेश का चैमुखी विकास हो रहा है। बिजली पानी सड़क सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर सुधार किया जा रहा है जिससे आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही हर सुख सुविधा मिल सके। इस शुभ अवसर पर साथ में बाबा सरदार निर्मल सिंह, ग्राम प्रधान सरदार सुखविन्दर सिंह, सरदार प्रदीप सिंह, सरदार जसपाल मल्होत्रा, सरदार गुर्जन्ट सिंह, आलमपुर प्रधान गुरवचन, सरदार जयवीर सिंह, सरदार सुखविन्दर सिंह, सरदार कमलजीत सिंह, सरदार जरनैल सिंह उर्फ चींटी, मंडल अध्यक्ष बंडा धर्मवीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष ढका घनश्याम अभिषेक शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेश वैश्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, प्रधान कुंडरा राजेश यादव, सर्वजीत वर्मा प्रधान फतेहचंद वर्मा, प्रधान राम भजन वर्मा, नेतराम वर्मा, प्रधान रसूलपुर बुजुर्ग कुलदीप यादव, पुष्पेंद्र कुमार, जयवीर, प्रधान सुरेंद्र पासवान, रामप्रकाश मिश्रा उर्फ सुआ, सरदार विक्रम सिंह जिओ पंप, प्रकाश चंद्र, ठाकुर सत्यभान सिंह, डॉ लालाराम, प्रधान गुनहा खमरिया सरदार परमजीत सिंह, प्रधान रजमना अधीर शुक्ला, प्रधान श्रीश वर्मा, सरदार जगदेव सिंह, प्रधान शैलेन्द्र चैहान, सरदार दिलबाग सिंह, रामपाल वर्मा, सरदार दिलबाग सिंह, वीरपाल उदयपुर खकरा, लोकनिर्माण विभाग से महेश कुमार, रमेश्वर यादव, विजयकान्त मिश्रा, थानाध्यक्ष प्रदीप राय सहित सैकड़ों सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन वीरपाल यादव ने किया।



## खबरें एक नजर में

### ई-बसों की पहले दिन ही इनकम धड़ाम, शहर में लगाया लंबा जाम



**शाहजहांपुर।** नगर विकास विभाग द्वारा शहर के साथ साथ पुवायां, जलालाबाद व कांट के लिए ई-बसों का संचालन डीएम, नगर आयुक्त की अनुमति के बाद कराया जा रहा था, जिससे रोजाना चलने वाले यात्रियों को जहां सहूलियत बनी हुई थी। वही ई-बसों की लाखों रुपए इनकम रोजाना हो रही थी। लेकिन दो दिन पहले ई-बस विभाग के एमडी के आदेश बाद एक बार पुनः ई-बसों का संचालन पुवायां, कांट व जलालाबाद रूट पर शुक्रवार सुबह से बंद कर दिया गया है। जिससे यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ गई है। साथ ही सीधा असर इनकम पर भी पड़ा है, लाखों रुपए की आय सिर्फ हजारों में आई। दूसरी ओर 21 ई-बसों का संचालन शहर में कराने से यातायात व्यवस्था बिगड़ गयी और जगह जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिली है, जल्द ही इस बाबत डीएम से वार्ता कर कोई रास्ता निकाला जाएगा,क्योंकि शहर में दिक्कत न हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### पुवायां के एक दरोगा पर धन उगाही का आरोप

**पुवायां-शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मुडिया कुर्मियांत के अनुज कुमार पुत्र मटरू लाल तथा इंद्रेश पुत्र बाबूराम बाइक से अपने घर से पुवायां जा रहे थे। रास्ते में गांव टेहरी ढुकरी के पास आगे चल रही बाइक चालक ने अचानक ब्रेक लिए तो पीछे चल रहा अनुज कुमार ने भी ब्रेक लिए। जिससे दोनों बाइक के आपस में टकरा गई और गिर गई। जिससे दोनों बाईकों के चालक और बाइक सवार घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचे तो वहां तैनात दरोगा ने पीड़ितों को बैठा लिया और एक व्यक्ति का चालान कर दिया। किसान यूनियन ने दरोगा पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। वही ज्ञापन में बताया कि थाना खुटार क्षेत्र के रामपुर कला निवासी सत्यपाल पुत्र बाबूराम ठेली लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। थाना खुटार में तैनात सिपाही अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सत्यपाल से जबरन मीठ बिक्री करवाता था। जब उसने मीठ बिक्री करने से मना किया तो उसे उठाकर थाने ले आया तथा दरोगा की मिली भगत से उसकी ठेली भी खड़ी कर ली साथ ही थाने में उसके साथ मारपीट की। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दोनों मामलों में जांच कर अग्रिम कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष भरत सिंह यादव, नगर अध्यक्ष भाई लाल, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, महेश चंद्र वर्मा, महेश सक्सेना, सुनील कुमार, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एसआईआर के कार्यों में लापरवाही, शिक्षामित्र की सेवा समाप्ति के निर्देश

**शाहजहांपुर।** विधानसभा क्षेत्र 135 शाहजहांपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि बीएलओ बूथ संख्या 388 के अमेंद्र मोहन तथा बीएलओ बूथ संख्या 389 के अनुपम वर्मा द्वारा न तो गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित किए गए और न ही प्राप्त प्रपत्रों का अपेक्षित डिजिटाइजेशन किया गया। एईआरओ एवं नायब तहसीलदार निशि सिंह ने सुपरवाइजर अनूप वर्मा लेखपाल के साथ मौके पर जांच की तो पाया कि बूथ संख्या 388 पर कुल 1290 प्रपत्रों में से केवल 37 का डिजिटाइजेशन, बूथ संख्या 389 कुल 1070 प्रपत्रों में से मात्र 15 का डिजिटाइजेशन किया गया है। उक्त प्रगति अत्यंत असंतोषजनक एवं निर्वाचन कार्यों में गंभीर लापरवाही को दर्शाती है। साथ ही जांच में यह भी पुष्टि हुई कि उक्त बीएलओ शिक्षा विभाग में शिक्षामित्र के पद पर जनपद में कार्यरत हैं। प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए, ईआरओ एवं सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार द्वारा उक्त आरोपित शिक्षामित्र के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए हैं तथा उसकी सेवा समाप्ति के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है।

### कोतवाली पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की बाइक भी बरामद



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में चलाए गए अपराध नियंत्रण अभियान में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने 19 नवम्बर को दर्ज शिकायत के आधार पर चोरी की मोटरसाइकिल संख्या UP-27M-5272 बरामद की और दो अभियुक्तों शुभम कौशल निवासी लाला तेली बजारिया और मनोज कुमार निवासी मोहल्ला सुभाष नगर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई 20 नवम्बर की रात लगभग 8:45 बजे चार्जिंग प्वाइंट चौराहे के पास की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। शुभम कौशल का आपराधिक इतिहास भी है, जिसमें पूर्व में 379/411 भादवि के मामले शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार, उपनिरीक्षक विनय कुमार, उपनिरीक्षक विजय कुमार, कां. बिलाल अहमद और कां. नवनीत रहे।

# विश्व मात्स्यिकी दिवस पर मत्स्य अंगुलिकाएं संचयित



**शाहजहांपुर।** विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मत्स्य विभाग द्वारा नदियों में मत्स्य सम्पदा एवं पर्यावरण का सन्तुलन बनाएं रखने के लिए रामगंगा नदी में मत्स्य जीवी महकारी समिति लिमिटेड वाई 2 बृह्मदेव नगर कलान एवं मत्स्य जीवी महकारी समिति लिमिटेड कुदौली, जलालाबाद के ग्राम कुन्दौली घाट एवं कलान के ग्राम परौर घाट पर उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग निगम की हैचरी खुटार के 44000 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं संचयित की गई। कुन्दौली के राजेश कुमार वर्मा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अल्हागंज एवं मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक निदेशक पूरनलाल की उपस्थित तथा कलान के ग्राम परौर घाट पर 22 हजार मत्स्य अंगुलिकाएं हरीनारायण गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत कलान की उपस्थिति में संचय किया गया।

# विश्व मात्स्यिकी दिवस पर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

▶ तालाब-झीलों के संरक्षण पर जोर, नीली अर्थव्यवस्था सशक्त बनाने का आह्वान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्टैंडर्ड कोचिंग सत्संग वाली गली में सहकार भारती और बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड सदर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मात्स्यिकी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रमुख मत्स्य प्रकोष्ठ सहकार भारती अभिनव कश्यप ने जल संसाधनों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जल कृषिकी को आगे बढ़ाने के लिए तालाबों, पोखरों, झीलों और जलाशयों को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के जलस्रोत लगातार अवैध कब्जों और अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं, जिससे जल संरक्षण और मत्स्य पालन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तालाबों और नदियों का संरक्षण सामूहिक दायित्व है। इनके सुरक्षित रहने से न केवल मत्स्य उत्पादन बढ़ेगा बल्कि आय के साधन, रोजगार, ग्रामीण राजस्व और पर्यावरण संरक्षण में भी वृद्धि होगी।श्री कश्यप ने मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और पैकेजिंग के माध्यम से नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा उत्तर प्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में मत्स्य उद्योग की बड़ी भूमिका है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने मत्स्य पालन को रोजगार, परंपरा और पर्यावरण से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया। कन्हैया लाल कश्यप ने ग्रामीण युवाओं को मत्स्य पालन अपनाने पर जोर दिया। देवेश त्रिपाठी ने मत्स्य पालन का पौराणिक महत्व बताया। राम बाबू कश्यप ने मत्स्य पालन सभी जातियों व समुदायों के लिए, विभागीय सहायता उपलब्ध है। सुशील वर्मा ने मत्स्य उद्योग को बेहतर रोजगार का विकल्प बताया। सर्वेश गुप्ता ने रिटायर्ड वरिष्ठ नागरिकों को समितियों से जोड़ने की सलाह दी। मदन कश्यप व विपिन त्रिपाठी ने युवाओं को समितियों से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताया। शिवनंदन सागर ने कम लागत, अधिक मुनाफे वाला रोजगार बताया और गांव-गांव जागरूकता अभियान की जरूरत को कहा। शिवम् कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, प्रभात वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में शिवनंदन सागर ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।



# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय युवा चेतना मंच एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित परमवीर चक्र नायक यदुनाथ सिंह स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन रोजा के हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल हरिकिशन त्यागी मार्ग रोजा में किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि कर्नल जगवीर सिंह जागलान एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर गंगा सिंह ने बच्चों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजक भारतीय युवा चेतना मंच एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की तरफ से नरेंद्र त्यागी, रमेश दीक्षित, प्रदीप मिश्रा, योगेन्द्र त्यागी, सुदेश मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के विभिन्न स्कूलों के 97 बच्चों ने इस परीक्षा को दिया। जिसमें प्रथम नीलेश वर्मा 1100, द्वितीय कार्तिक त्यागी 900, तृतीय कृष्णा गुप्ता 700, चतुर्थ वरुण मिश्रा, श्रेष्ठ प्रताप, उन्नति वर्मा, विकास दीक्षित, प्रत्येक को 300 पंचम अर्णव, दीपराज, प्रियांशी आर्य, वर्णिका मिश्रा, आरुषि वर्मा, प्रत्येक को 100 रुपए नगद एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नल जागलान ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा कर आयोजकों को बधाई देते हुए अमर बलिदानी परमवीर चक्र नायक यदुनाथ सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। स्कूल के बच्चों द्वारा भारत माता की जय ओर बंदे मातरम के नारो से तिरंगे के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व परमवीर चक्र नायक यदुनाथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य रूप से विद्या सागर श्रीवास्तव, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, सदानंद अग्निहोत्री, राम रक्षपाल, सतीश सिंह चैहान, पाती राम, नन्हेलाल, विजय मोहन, महावीर, ओमेंद्र सिंह, आशीष सिंह, हरिओम सिंह, सोनल शर्मा, रविन्द्र, मयंक मिश्रा, आर एल सिंह, अकरम, गोपाल दीक्षित, रामजी पांडे आदि उपस्थित रहे।



# ऊषा देवी बेस्ट बीएलओ, डीएम ने दी बधाई

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शुक्रवार को एसआईआर कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने पाया कि बेस्ट बीएलओ एसआईआर-2026 ऊषा देवी आंगनवाड़ी है, जोकि विद्यालय प्राथमिक शिकारपुर ब्लाक जैतीपुर की है, जिन्होंने कुल मतदाता 491 भाग संख्या-149 प्राथमिक विद्यालय, शिकारपुर विधानसभा 131 कटरा में अच्छा कार्य किया है, जिस पर डीएम ने उक्त बीएलओ की एक फोटो 21 नवम्बर 2025 को एसआईआर 2026 अभियान में उत्कृष्ट प्रगति के लिए बनवाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर बधाई दी गई।




# ट्रेन की चपेट में आकर युवक गंभीर, भर्ती



**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** कटरा रेलवे क्रासिंग पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को रेलवे ट्रैक से उठाकर एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे बरेली की तरफ से शाहजहांपुर की ओर गुजर रही त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही कटरा रेलवे क्रासिंग पर पहुंची उसी दौरान ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। हादसे के बाद चालक ने मौके पर ही ट्रेन रोक दी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक रेलवे ट्रैक पर खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। चालक ने ट्रैक पर युवक को देखकर हार्न बजाया लेकिन युवक ट्रैक से नहीं हटा। चालक ने ब्रेक लगाए लेकिन ट्रेन रुकने तक युवक ट्रेन की चपेट में आ चुका था। घटना के बाद लोग मौके पर दौड़ कर आ गए। घायल युवक की सांसें चलती देखकर लोगों ने स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेलवे ट्रैक पर ट्रेन लगभग आधा घंटा खड़ी रहने के बाद अपने गंतव्य को रवाना हुई। वहीं पुलिस ने घायल युवक की पहचान कराने का काफी प्रयास किया लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी है।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां जनपद- शाहजहांपुर

पत्रांक-506/न.पा.प.-पु./निविदा सूचना/का.पशु आ./2025 दिनांक- 19.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से कार्यादेश की तिथि से 31.03.2026 तक की अवधि के लिए अधोलिखित आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.11.2025 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां शाहजहांपुर से नकद राशि जमा करके क्रय किये जा सकते है। समस्त कार्यों की निविदायें कार्यालय नगर पालिका, पुवायां शाहजहांपुर में रखे टेण्डर बाक्स में दिनांक 29.11.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्यों का विवरण | जमानत की धनराशि | आपूर्ति की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु पशु आहार कपिला/इफको/ गनेश (दरें प्रति कुन्तल में) | 20000.00 | आवश्यकतानुसार | 1000.00 |
| 2. | कान्हा पशु आश्रय स्थल में गायों को खिलाये जाने हेतु भूसा। (दरें प्रति कुन्तल में) | 25000.00 | आवश्यकतानुसार | 1000.00 |

1. निविदा के साथ उपरोक्तानुसार जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक हो अथवा नकद जमा किया जाना अनिवार्य है।

2. उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित अन्य शर्तें व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, पुवायां**
**शाहजहांपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, पुवायां**
**शाहजहांपुर**

## चुनौतियों वाली पारी

आखिरकार सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए। जदयू सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सत्ता का एक नया कार्यकाल शुरू कर दिया। यद्यपि हालिया चुनाव में भाजपा ने जदयू से ज्यादा सीटें हासिल करके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उपस्थिति दर्ज करायी है, लेकिन इसके बावजूद चार कम सीट जीतने वाले जदयू के 74 वर्षीय दिग्गज को मुख्यमंत्री बने रहने देना ही बेहतर समझा है। वहीं सहयोगी दल भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के उपमुख्यमंत्री पद बरकरार रहे। निस्संदेह, नीतीश का पिछला कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने पहले भाजपा के साथ सरकार बनायी और मनभेद के चलते महागठबंधन में शामिल हुए। फिर पलटी लेकर भाजपा के साथ सरकार में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद बिहार की जनता ने उनकी इस उलट-पलट को माफही कर दिया। संभवत: उनकी इस अपील पर वोट दिया कि यह उनकी आखिरी पारी है। जनता ने उनके नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के स्थायित्व पर भरोसा जताया। शायद बिहार की जनता जंगल राज के दुरूस्वप्न को नहीं भूली है। एक बात तो तय है कि राज्य की जनता ने तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद बिहार के भविष्य के लिये उन्हें बेहतर माना है। यही वजह है कि रिकॉर्ड दसवीं बार शपथ लेने वाले नीतीश को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सुशासन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक अनुभवी प्रशासक बताया है। लेकिन राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि भाजपा कब तक छोटे भाई की भूमिका में रहेगी? विपक्ष को संदेह है कि नीतीश शायद ही अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्हें आशंका है कि भाजपा किसी न किसी स्तर पर बिहार में पार्टी का मुख्यमंत्री बनाना चाहेगी। राजनीतिक विश्लेषक महाराष्ट्र का उदाहरण देते हैं, जहां भाजपा ने पहले शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया और बाद में उन्हें हटाकर देवेंद्र फड़नवीस को कुर्सी पर बैठा दिया। वहीं कुछ राजनीतिक पंडितों का तर्क है कि भाजपा के पास केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं है, इसलिए एनडीए सरकार को सहारा देने के लिये भाजपा को नीतीश के समर्थन की जरूरत बनी रहेगी। इस बात से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि जदयू अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिये बेहतर स्थिति में है। बहरहाल, नीतीश की तात्कालिक प्राथमिकताएं बेरोजगारी दूर करने और पलायन पर अंकुश लगाने की होनी चाहिए। हकीकत यह है कि राज्य में रोजगार संकट के चलते बिहार के तीन घरों में से दो का एक सदस्य दूसरे राज्य में काम करने को मजबूर है। साथ ही नीतीश को सरकार बनाने में भरपूर समर्थन देने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रमुख चुनावी वायदे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। इसके अलावा उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जदयू मजबूत और अक्षुण्ण बना रहे। यह अवश्यंभावी है कि भाजपा और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी उन्हें सतर्क बनाए रखेगी। भाजपा के मन में यह कसक जरूर रहेगी कि सबसे बड़े दल के रूप में उदय होने पर भी पार्टी बिहार में अब तक अपनी सरकार नहीं बना पायी है। ऐसे में नीतीश को बाहरी विपक्षी से तो नहीं, गठबंधन के दलों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से जूझना पड़ेगा। वहीं प्रचंड बहुमत देने पर जनता की उम्मीदें भी उफान पर रहेंगी। राजग द्वारा चुनाव के दौरान तमाम वायदे किए गए थे, लेकिन राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर इन सब वायदों को पूरा करना आसान न होगा। वहीं दूसरी ओर नीतीश के सामने उनकी सेहत और बढ़ती उम्र को लेकर भी चुनौती पैदा हो सकती है। जिसको लेकर विपक्ष पूरे चुनाव अभियान के दौरान लगातार हमलावर बना रहा है। साथ ही बिहार की डेढ़ करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये लगातार दे पाना भी परेशानी का सबब बन सकता है। वहीं गठबंधन सरकार के लिए चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन द्वारा किए गए मुफ्त अनाज, मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने तथा पचास लाख पक्के मकान के वायदे को हकीकत में बदलने को वित्तीय संसाधन जुटाना भी एक बड़ी चुनौती साबित होगी।

# जिहाद को रोकने के लिए सभी को विचार करना होगा

अरुण कुमार दीक्षित



राष्ट्र विरोधी ताकतें पुनः सक्रिय हैं। वे शांति नहीं पसंद करती हैं। उन्हें हिंसा आनंदित करती है। वह हिंसक हैं। हमलावर हैं। रक्त पिपासु हैं। उनके हमले सदियों से जारी हैं। वह थोड़ा रुकते हैं फिर गोला-बारूद का इंतजाम करते हैं। बमों से भारत को रक्त रंजित करते हैं। निर्दोषों की हत्यायें करते हैं। गत 11 नवम्बर को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के निकट बम धमाकों में 13 से अधिक निर्दोष नागरिक मारे गए। 32 घायल हुए। जम्मू के नौगाम में भी बम धमाके में लोगों की मौते हुई हैं।

भारत विरोधी यह कार्रवाई प्राचीन काल से जारी है। नाम बदल जाते हैं। मगर उनका लक्ष्य भारत को दारुल हरब बनाना है। भारत ही क्यों पूरी दुनिया में आतंकी हमलावर हैं। उनका जिहादी विचार हिंसा से ही जन्मा है और जन्म के गुणसूत्र प्रायः नष्ट नहीं होते हैं। यह हमले सिंध के रास्ते 712 ई0 से भारत पर जारी हैं। हम सब भारत के लोग प्रतिदिन शांति पाठ करते हैं। हम भोजन भी शांति पाठ से करते हैं। वे भोजन को भी हिंसा से ही शुरू करते हैं। उनकी हिंसा भारत के विरुद्ध लगातार जंग ही है। हम सहिष्णु हैं। हम शांतिवादी पहले से हैं। हम सब राष्ट्रवादी, समाजवादी, बहुजनवादी, बाद में है। वह जिहादी आतंकवादी हैं। अलग-अलग रंग के भाषा बोली के हो सकते हैं। उनका भारत के विरुद्ध धर्म जिहाद है। यह दारुल हरब की कार्रवाई है। वे मानते हैं इस घृणित निंदित कार्रवाई में अल्लाह उन्हें जन्नत बख्सेगा। जन्नत के सपने (ख्वाब) दिखाकर आतंकी संगठन अपना हिंसक परिवार बढ़ाते हैं। बहुसंख्यक इस पर ध्यान नही देते हैं।

गौतम बुद्ध और महावीर लगातार शांति, अहिंसा के उपदेश देते रहे। उनकी देशनायें उपयोगी हैं भी। भारत के लोगों ने उनकी शांति अहिंसा को अपनी जीवन शैली का भाग बनाया। महाभारत के बाद महाभारत जैसा युद्ध पृथ्वी पर फिर नहीं हुआ है। तब से लगातार शांति की यात्रा में भारत रहता आया है। हम शांति की अभीप्सा पैदा करते हैं। वसुधैव कुटुंब के अभिलाषी हैं। निष्कपट निश्छल, सरल तरल, सौम्य वात्सल्य से भरा समाज राष्ट्र निर्मित करने में विश्वास रखते हैं। मगर आतंकवादी अलगाववादी हमारा प्रेम रस नहीं देख पाते। उन्हें हम भारत के लोग (कुफ्र) काफिर ही दिखाई देते हैं। काफ़िर को लेकर उनकी जो विचारधारा है वह हत्या कर देने की ही है। वह अपनी ड्यूटी पर हैं। वह खुदा के मार्ग पर हैं कि खुदा निर्दोष लोगों के रक्त बहाने से प्रसन्न होगा। क्या कोई पैगंबर रसूल निर्दोष मनुष्यों के रक्त से प्रसन्न होता होगा अथवा होता है?

पूरी दुनिया में इस्लामिक आतंकवाद को लेकर बहस है। सैनिकों से झड़पें हैं। सैन्य अधिकारियों की हत्याएं हैं तो

**जिहाद के स्वरूप को समझना होगा। आखिर जिहाद के एजेंडे को राजनीतिक दल समझ क्यों नहीं रहे हैं। जिहाद के सूक्ष्म तत्व और उसके सूत्रों का अभी तक क्या अध्ययन करना शेष है? जबकि दारूल इस्लाम बनाना उनके लक्ष्य है। दारूल इस्लाम अर्थात इस्लामी शासन व्यवस्था लागू करना। दारुल हरब यानी जहां पर काफिरों का शासन हो। भारत की राजनीति भारतीय संस्कृति के अनुसार ही होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को यह अधिकार देना कि वे राष्ट्रद्रोह को भारत को खंड-खंड करने वालों के साथ आसानी से खड़े रह सकते हैं कदापि उचित नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो इसको लेकर पहले प्रबुद्ध जन सहित सभी जिहाद को ठीक से समझें। अभी तो यही है कि बम फेंका गया कुछ लोग मर गए। संचार माध्यमों से सरकारी पार्टी और प्रतिपक्षियों के बयान आ गए। सबने समाचार पत्र पढ़ लिए। दो-तीन दिन चर्चा हुई बात खत्म हुई। वही जिहादी अगले हमले की तैयारी में रहते हैं। आखिर यह कब समझा जाएगा कि इस्लामी जिहाद भारत के विरुद्ध जंग ही है। जिहाद के विरुद्ध खुली बात करने का समय आ गया है। वहीं सर्वदलीय सभी विचारधाराओं को इस पर एक कड़ा और बड़ा अभियान करना होगा। जिहाद से लड़ना होगा। भारत के पढ़े-लिखे प्रबुद्ध जन भी यह मानते हैं कि जिहाद से लड़ना सेना की, पुलिस की, सरकार की, अधिकारियों की ही जिम्मेदारी है। सबकी जिम्मेदारी है। सब राष्ट्र हित के लिए आगे आएं। इसमें सरकार बात करे। विपक्षी दल बात करें। जो तटस्थ हैं वह भी आगे आएं तब ही जिहाद के विरुद्ध लड़ाई होगी। जिहाद को समाप्त नहीं करेंगे तो स्वयं समाप्त होने के लिए तैयार रहें।**

भी आतंकवादी समूह बढ़ रहे हैं। उनके पास गोला -बारूद बढ़ रहा है। अत्याधुनिक हथियार पहुंच रहे हैं कैसे? इसका जिम्मेदार कौन? अनेक राष्ट्रों के बीच आतंकी कार्रवाई के लिए यह बारूद कौन उपलब्ध कराता है? आतंकी भारत में अपनी योजना में कैसे सफल हो जाते हैं ? यह यक्ष प्रश्न है। उनकी योजना में भारत के निवासी शामिल है? पूर्व में भी अकाट्य रूप से प्रमाणित हो चुका है कि आतंकी हमले सांठगांठ से हुए। एक बार फिर तथ्यात्मक रूप से खुफिया एजेंसियों को प्रमाण मिले हैं कि तार कहां से जुड़े हैं। आतंकियों के विरुद्ध कार्रवाई में राजनीतिक दलों में मतभेद है। राजनीतिक दल आतंकी हमले से व्यथित नहीं दिखाई देते हैं। वह चुनाव को सर्वोपरि मानते हैं, राष्ट्र को नहीं। दलों के लिए चुनाव संजीवनी है। निर्दोष लोग बमों-गोलियों से उड़ा दिया जाते हैं। यह दलों के लिए कुछ निंदा-भर्त्सना मात्र है। एक आंकड़ा भर है। मगर उन परिवारों को जिनके बच्चे बिलख रहे हैं। माताएं फफक रही हैं। कई अनाथ हैं, कई के परिवार नहीं बचे हैं। कई के शवों के टुकड़े खोजने पड़ते हैं। यह राजनीतिक संवेदन शून्य लोग केवल राजनीति में जुटे रहते हैं।

जिहाद के विरुद्ध राजनीतिक दल एकजुट होकर काम करें मगर यह नहीं हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा आतंकवाद के प्रमुख कारण क्या है? आतंकवादी कहां से आते हैं? आतंकवादियों का संरक्षक कौन है? घटना के बाद आतंकवादी कहां छिपते हैं ? उनके मददगार कौन है? आतंकी घटनाओं के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं के टीवी और अखबारों में वक्तव्य होते हैं। आतंकवादियों पर कार्रवाई के समय वही दल उनके पक्ष में दिखते हैं। ऐसे दलों पर शिकंजा होना चाहिए। कुछ विपक्षी दलों द्वारा अनेक आतंकी घटनाओं को भगवा आतंकवाद की करतूत कुछ वर्ष पहले बताया गया था। यह भ्रमित और छद्म कार्रवाई का एजेंडा है। जिहाद के स्वरूप को समझना होगा। आखिर जिहाद के एजेंडे को राजनीतिक दल समझ क्यों नहीं रहे हैं। जिहाद के सूक्ष्म तत्व और उसके सूत्रों का अभी तक क्या अध्ययन करना शेष है? जबकि दारूल इस्लाम बनाना उनके लक्ष्य है। दारूल इस्लाम अर्थात इस्लामी शासन व्यवस्था लागू करना। दारुल हरब यानी जहां पर काफिरों का शासन हो। भारत की राजनीति भारतीय संस्कृति के अनुसार ही होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को यह अधिकार देना कि वे राष्ट्रद्रोह को भारत को खंड-खंड करने वालों के साथ आसानी से खड़े रह सकते हैं कदापि उचित नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो इसको लेकर पहले प्रबुद्ध जन सहित सभी जिहाद को ठीक से समझें। अभी तो यही है कि बम फेंका गया कुछ लोग मर गए। संचार माध्यमों से सरकारी पार्टी और प्रतिपक्षियों के बयान आ गए। सबने समाचार पत्र पढ़ लिए। दो-तीन दिन चर्चा हुई बात खत्म हुई। वही जिहादी अगले हमले की तैयारी में रहते हैं। आखिर यह कब समझा जाएगा कि इस्लामी जिहाद भारत के विरुद्ध जंग ही है। जिहाद के विरुद्ध खुली बात करने का समय आ गया है। वहीं सर्वदलीय सभी विचारधाराओं को इस पर एक कड़ा और बड़ा अभियान करना होगा। जिहाद से लड़ना होगा। भारत के पढ़े-लिखे प्रबुद्ध जन भी यह मानते हैं कि जिहाद से लड़ना सेना की, पुलिस की, सरकार की, अधिकारियों की ही जिम्मेदारी है। सबकी जिम्मेदारी है। सब राष्ट्र हित के लिए आगे आएं। इसमें सरकार बात करे। विपक्षी दल बात करें। जो तटस्थ हैं वह भी आगे आएं तब ही जिहाद के विरुद्ध लड़ाई होगी। जिहाद को समाप्त नहीं करेंगे तो स्वयं समाप्त होने के लिए तैयार रहें।

भारत में जिहाद बड़ा खतरा है। परिणाम भयंकर होंगे। सभी उसकी सीमा के भीतर हैं। यह भारत की बात हो अथवा दुनिया के किसी देश की जिहाद को झेलना पड़ेगा। अभी यह माना जाता है कि राष्ट्रों के विकसित होने से संपूर्ण जनों के सुशिक्षित हो जाने से हिंसा रुकेगी। जबकि ऐसा नहीं है। जिहादी संगठनों में प्रायः सभी उच्च शिक्षित ही पाए जाते हैं। विकास का जेहाद रोकने में कम से कम कोई योगदान नहीं हो सकता है। जितना अधिक हाईटेक हथियार उतना हाईटेक जिहाद। वैज्ञानिक विकास के साथ बढ़ता जिहाद। जिहाद विचार है इस विचार के विरुद्ध विचार हो तो रुकेगा जिहाद। नहीं तो घटनाएं हो रही हैं। लोग मारे जा रहे हैं। निंदा हो रही है, कानून बना रहे हैं। जिहाद बढ़ रहा है। बढ़ते संकट के बीच आशा की जा रही है कि केन्द्र सरकार खुफिया एजेंसियों को जिस तरह निर्देश हैं कि वे इस नेटवर्क को खोज कर समाप्त करें दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# आतंकवाद की ओर जा रहे हैं कुछ डाक्टर

*जूलियो रिबैरो*

मैडिसिन के डाक्टर हमेशा से हमारे कामों की लिस्ट में सबसे ऊपर रहे हैं, जिनकी इस दुनिया में हर इंसान तारीफ करता है। ऐसा कोई इंसान नहीं है जिसे अपनी जिंदगी में कभी न कभी डाक्टर की जरूरत न पड़ी हो। डाक्टरों को नेक इंसान माना जाता है जो दूसरे इंसानों को जिंदा और ठीक रखने की फिक्र करते हैं। 10 नवंबर, 2025 को दिल्ली में लाल किले के पास मैट्रो स्टेशन के बाहर हुए धमाके में 13 आदमी मारे गए और कई आदमी और औरतें घायल हो गई, यह न सिर्फ हमारी मजबूत सरकार के लिए बल्कि हमारे देश के आम लोगों के लिए भी एक बड़ा झटका था।

पाकिस्तान में मौजूद जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक टैरर मॉड्यूल का पता चला। गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोग डाक्टर हैं। इसमें इतनी हैरानी की क्या बात है? आम आदमी ऐसे टैरर मॉड्यूल की कल्पना भी नहीं कर सकता जिसमें एक डाक्टर भी शामिल हो। अब उसे बताया जा रहा है कि इस खास मॉड्यूल में ज्यादातर डाक्टर हैं जो सभी इस्लाम को मानते हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और बंगाल जैसे अलग-अलग राज्यों से हैं। सिर्फ सबसे होशियार स्टूडैंट ही मैडिकल कॉलेज में सीट पक्की कर सकते हैं। पढ़ाई साढ़े 5 साल की होती है और अगर स्टूडैंट मैडिसिन की किसी भी ब्रांच में स्पैशलाइज करना चाहता है तो उसे 2 साल या उससे ज्यादा और लगेंगे, जिसके बाद जरूरी स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए हॉस्पिटल में इंटर्नशिप करनी होगी। जिन डॉक्टरों ने अपनी जवानी के सबसे अच्छे साल ऐसी जिंदगी की तैयारी में बिताए हैं जो दूसरों को जिंदा रहने में मदद करती है, वे अपना मकसद क्यों छोड़कर सिर्फ सत्ता में बैठे लोगों को मैसेज देने के लिए बेगुनाह लोगों को मारने और घायल करने पर उतर आएं? इसका जवाब पिछले कुछ सालों में खोजे गए दूसरे टैररिस्ट मॉड्यूल में मिल सकता है। अभिनव भारत एक अकेला मॉड्यूल था जो हैरानी की बात है कि ज्यादातर कम्युनिटी में घुसा हुआ था, जिसे महाराष्ट्र के एंटी-टैररिस्ट स्क्वॉड ने खोजा था। पॉलिटिकल फील्ड में फायदेमंद पोजीशन वाले लोगों में भी जो गहरा गुस्सा था, उसे हमें अपने मन की आंखों में, उन लोगों तक पहुंचाना होगा जो इस समीकरण के शिकार थे। जब भारत के इकलौते मुस्लिम-बहुल राज्य को राज्य का दर्जा नहीं दिया गया और उन लोगों ने उसे कमतर दर्जा दिया, जिन्हें उसका सैक्युलर और बराबरी के रैंक में स्वागत करना चाहिए था, उसे बुरी तरह याद दिलाया गया कि उस पर कभी भरोसा नहीं किया जाएगा तो दुश्मनी और नफ़रत को पनपने के लिए जमीन तैयार हो गई। मोदी-शाह की जोड़ी का मजबूत गवर्नेंस मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर में अपने तख्तापलट की शेखी बघारता रहा।

राज्य में और ज्यादा सैनिक और पैरा-मिलिट्री भेजी गई, इस उम्मीद में कि बॉर्डर पार से आतंकवाद और कश्मीरियों के बीच अलगाववादी तत्व बेअसर हो जाएंगे। शुरू में ऐसा सरप्राइज फैक्टर की वजह से हुआ। राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी ने इस मुश्किल और हमेशा रहने वाली हिंदू-मुस्लिम समस्या को बहुत सोच-समझकर और बारीकी से सुलझाया था। उन्होंने पूर्व रॉ चीफ ए.एस. दुलत पर भरोसा किया, जिन्होंने फारूख अब्दुल्ला के साथ पक्की दोस्ती की थी। अब्दुल्ला परिवार ही काफी हद तक कश्मीरी मुसलमानों के भारत के साथ अपने मुस्लिम-बहुल पड़ोसी पाकिस्तान के साथ इलाके के झगड़े में साथ देने के लिए जिम्मेदार रहा है। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार कुछ और ही सोचती थी। उसने कश्मीरी मुसलमानों को दबाने के



लिए आक्रामकता का इस्तेमाल करने का फैसला किया और अपने ही वोटरों को यह साबित करने का फैसला किया कि वह कांग्रेस और यहां तक कि वाजपेयी की भाजपा सरकार के उलट एक मजबूत और ताकतवर सरकार है। ऐसा तरीका शायद ही कभी काम करता है। अगर वहां के लोग भाईचारे की उम्मीद को पसंद नहीं करते हैं तो भारतीय सरकार या कोई भी राज्य हथियारों के बल पर राज नहीं कर सकता। ऐसी जगहों पर आतंकवाद पनपता है। लाल किले में हुए धमाके के कुछ मुख्य साजिशकर्ता साऊथ कश्मीर के पहलगाम से हैं, जहां पहले से बदनाम आई.एस.आई. के प्लान किए गए आतंकी हमले की खबर आई थी। 'ऑप्रेशन सिंदूर' हमारा कामयाब जवाब था। हमारी एयर फोर्स और सपोर्टिंग ग्राऊंड फोर्स ने हमारे पड़ोसी के इलाके में आतंकियों के कई ठिकानों को खत्म करके अपना काम ठीक से किया। बदकिस्मती से, हमारे प्राइम मिनिस्टर अपना जोश रोक नहीं पाए और खुलेआम धमकी दी कि अगर हमारे पड़ोसी ने कभी बॉर्डर पार अपने आतंकी शागिर्दों को भेजने की हिम्मत की तो वे 'ऑप्रेशन सिंदूर' दोहराएंगे। न तो लडने वाले पड़ोसी और न ही दुनिया की बड़ी ताकतें इंडियन सब-कॉन्टिनैंट में कभी न खत्म होने वाली दुश्मनी के नतीजों को मान पाएंगी। 10 नवंबर को लाल किले के बाहर दिल्ली में हुए धमाके के बाद, यू.एस. सैक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो ने शायद बिना कोई कीमती समय बर्बाद किए दिल्ली में अपने समकक्ष से बात की। उन्होंने अगले ही दिन एक बयान जारी कर भारत के 'सोचे-समझे जवाब' और देश के अंदर आतंकी मॉड्यूल की पहचान करने में हमारी कामयाबी की तारीफ की। उन्होंने देश के कानून के हिसाब से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए अपने देश का सपोर्ट जताया। उनके बयान की लाइनों के बीच यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्होंने एक और 'ऑप्रेशन सिंदूर' के खिलाफ भी सलाह दी। जो मॉड्यूल मिला है, उसने पूरे भारत में और भी कई हमलों की प्लानिंग की थी। इसके जाल हरियाणा और अल-फलाह यूनिवर्सिटी से बहुत आगे तक फैले हुए थे, जहां यह पनप रहा था। कम से कम एक बड़ा काम तो अभी हो गया है क्योंकि 8 छोटे मॉड्यूल को खत्म कर दिया गया है लेकिन आने वाले समय में भी लड़ाई जारी रहेगी। भारत के दो बड़े समुदायों के बीच अविश्वास और गलतफहमी तब से है जब से इस्लामिक सेनाएं हिंदू कुश के रास्ते सब-कॉन्टिनैंट में आई हैं और मैं कह सकता हूं कि यह दुश्मनी इतनी जल्दी खत्म नहीं होगी।

साहित्य



### यह कैसा कर्तव्य...!


**संजय एम तराणेकर**

भाई यह कैसी रहीं 'माता-पिता' की माया,
घर में हुए दो मुख्यमंत्री बेटा पढ़ न पाया।
क्यों? नहीं समझ पाए ये शिक्षा का महत्व,
क्या? 'क्रिकेट' में समाया था सम्पूर्ण सत्व।

इन 'पालकों' ने यह कैसा निभाया कर्तव्य,
स्वघोषित मुख्यमंत्री होना यहीं भवितव्य।
स्वयं अपने ही पास जब रखीं है लालटेन,
क्यों? न दी पढ़ने के लिए उसे कॉपी-पेन।

पता नहीं कहां-कहां फैला था जंगल राज,
घुलना थे इनके कानों में नम्रतारूपी साज़।
तब बन पाते यहीं 'जनमानस' की आवाज,
दिलों पर करते राज मिलती सत्ता परवाज़।





## राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभ:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्टा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही न करें।

# अधूरे सपनों की बिंदिया



*लेखिका शालिनी वर्मा (शालीन)*
*फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश)*

बचपन : वह सुनहरा समय, जब दिन धूप की तरह हल्के हुआ करते थे और रातें बिना किसी बोझ के गुज़र जाती थीं। न जल्दी उठने की चिंता, न खाना बनाने की हड़बड़ी, न कपड़े धोने का तनाव-कुछ भी नहीं। बस खेलना, हंसना और मिट्टी में लोटने भर से दुनिया पूरी हो जाती थी। मां-पापा उसकी दुनिया थे और वह उनकी। मोहल्ले के बच्चों के साथ धूल में सने कपड़ों के बीच भी उसकी मुस्कुराहट चमक उठती थी, क्योंकि छोटी-सी बिंदिया को दुनिया की जटिलताओं से क्या लेना-देना? कौन अच्छा है, कौन बुरा है-इन सवालों की छाया तक उसके मासूम मन तक नहीं पहुँचती थी।

**लेकिन वक्त कभी अपनी चाल नहीं रोकता।**

वह पांच साल की हुई और जीवन का एक नया अध्याय उसके सामने आ खड़ा हुआ। पिता जी ने उसका हाथ पकड़ा और विद्यालय के छोटे-से फाटक तक पहुँचाया। आज उसका पहला दिन था-पहली किताब, पहली कक्षा, पहला नया संसार। जैसे उसे एक और जीवन मिल गया हो। छोटा-सा कस्बा, एक साधारण-सा सरकारी विद्यालय... पर सपनों की शुरुआत अक्सर छोटे आँगन से ही होती है।

पिता जी एक गरीब किसान थे। अपनी जमीन भी नहीं थी-किराए की मिट्टी में पसीना बहाकर जो कुछ मिलता, उसी से घर चलता। पर उनकी आँखों में एक अनोखी चमक थी-अपनी बेटी को अफसर बनते देखने की चमक। बिंदिया उनका गर्व थी, उनकी उम्मीद थी।

**और वह उम्मीदों पर खरी भी उतरती गई।**

हर कक्षा में अव्वल, हर शिक्षक की प्रिय-उसका नाम जैसे मेहनत का दूसरा नाम बन गया। वह दिन-रात किताबों में डूबी रहती। बचपन धीरे-धीरे कहीं पीछे छूट गया। उसकी प्रतिभा, खासकर गणित में, सबको चकित कर देती। वह उन लोगों के भ्रम तोड़ती गई, जो कहते थे कि लड़कियां गणित में पीछे रह जाती हैं।

इंटर की परीक्षा भी उसने पूरे मन से दी। परिणाम आने का इंतज़ार करते हुए वह पढ़ाई से जुड़े वीडियो देखने लगी। और एक दिन... एक UPSC की जानकारी वाला वीडियो उसकी आँखों के सामने आया। बस, उसी पल उसके भीतर कुछ जल उठा-एक तीव्र आकांक्षा, एक अनकहा प्रण। उसे IAS बनना है। बस, यही सच था। दिन-रात IAS की कुर्सी, सरकारी गाड़ी और सेवा का सपना उसके मन को घेरे रहता। कक्षा 12 के परिणाम ने भी उसके सपनों को और पंख दिए-पूरे कॉलेज में टॉप! सम्मान, तालियाँ, पिता जी की चमकती आँखें-सबने उसके आत्मविश्वास को फिर ऊँचा कर दिया। लेकिन यही वह मोड़ था, जहाँ जिंदगी ने उसे पहली बार उलझन में डाला- गणित से ग्रेजुएशन या आर्ट्स? दिल IAS के लिए आर्ट्स को चाहता था, पर घर वाले गणित पर अड़े थे। उलझन, गुस्सा, असमंजस... और जल्दबाज़ी में उसने B.Sc ले ली। लेकिन उसका मन वहाँ नहीं था। किताबें सामने खुलतीं, पर दिमाग UPSC के सिलेबस में भटकता रहता। नतीजा-पहले साल में द्वितीय श्रेणी से पास हुई। पिता जी की निराशा और उसका खुद का टूटा मन-दोनों ने उसे भीतर तक हिला दिया।

**वह रोते हुए बोली-**

पापा, मुझे IAS ही करना है... क्या मैं B.A. कर लूँ? लेकिन वह खुद भी जानती थी कि इससे एक साल बर्बाद हो जाएगा। अगले ही दिन उसने आँसू पोंछकर B.Sc (गणित) के दूसरे वर्ष में दाखिला ले लिया। IAS के सपने को मन के एक कोने में दबाकर-गणित पर ध्यान देने लगी। सोचा-दो साल और, फिर UPSC की पूरी तैयारी करूँगी।

**B.Sc पूरी हुई तो उसने पापा से कहा-**

मुझे मुखर्जी नगर दिल्ली जाकर IAS की तैयारी करनी है। लेकिन दिल्ली का नाम सुनते ही पिता जी भड़क उठे- वहाँ लड़कियाँ सुरक्षित नहीं। जो करना है यहीं रहकर करो। उनकी बात ने उसके सपनों को जैसे वहीं रोक दिया। और वह हार मानकर B.ED में दाखिला ले बैठी। इसी बीच कोरोना आ गया, लॉकडाउन लगा, परीक्षाएँ रुकीं.. और तभी-जिंदगी ने ऐसा वार किया, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की थी।

**पिता जी.... अचानक दिल का दौरा पड़ने से चल बसे।**

एक पल में उसकी दुनिया सूनी हो गई। जिस पिता के सपनों पर वह अपना भविष्य बनाना चाहती थी- वही पिता उसके जीवन से दूर चले गए। उसकी मेहनत, उसका परिणाम, उसकी उम्मीदें-सब जैसे अधूरी ही रह गईं। दूसरे वर्ष के B.ED के लिए उसके पास फीस तक नहीं थी। पर उसने रोते-धोते, टूटते-बिखरते, जैसे-तैसे पैसे जुटाए और दाखिला लिया। 90 प्रतिशत अंकों के साथ उसने बी.ED पूरा किया- पर वह खुशी किसे दिखाती?

जिस व्यक्ति को वह यह परिणाम दिखाना चाहती थी- वह तो अब तस्वीर में कैद हो चुका था। उसने अपनी मार्कशीट पिता की तस्वीर के पास रखी। आँसू गिरते रहे... फूट-फूट कर रोते हुए वह बिना नजर मिला, कमरे से बाहर चली गई। पढ़ाई खत्म हो चुकी थी, पर सपने नहीं। दिल के किसी वीरान कोने में IAS की चिंगारी अभी भी धीमी-धीमी जलती थी। एक दिन अकेले में उसे वह सपना याद आया-और वह फूट-फूटकर रो पड़ी। अब उसकी पढ़ाई पर पैसा खर्च करने वाला कोई नहीं था। कौन समझता उसकी पीड़ा? कौन संभालता उसके सपने?

धीरे-धीरे समय और जिम्मेदारियाँ उसे पढ़ाई से दूर ले जाने लगीं। एक मेधावी, तेज, काबिल लड़की... अपने ही सपनों से हारने लगी। मजबूरियों ने उसका रास्ता बदल दिया। पिता की जिम्मेदारियाँ अब उसके कंधों पर आ गईं। घर, माँ, छोटा भाई-सब उसे सहारा माँगते थे। और वह... अपने सपनों को चुपचाप दफन करती गई।

**रिश्तेदारों ने कहना शुरू कर दिया-**

लड़की बड़ी हो रही है, शादी कर दो, वरना हाथ से निकल जाएगी। और आखिरकार दबाव में आकर उसकी माँ ने उसकी शादी कर दी... बिना उसकी इच्छा जाने, बिना उसकी पसंद पूछे। आज बिंदिया अपने ससुराल में है। पिता का साया नहीं, मायके में कोई पूछने वाला नहीं। वह सोचती है- मैं कहाँ जाऊँ? मैं क्या करूँ?

एक लड़की, जो कभी आसमान नापने का सपना रखती थी- आज घर की चार दीवारों में अपनी उड़ान धीमे-धीमे दम तोड़ती देख रही है। वह चुप है-पर टूटती हर रोज़ है। वह मुस्कुराती है-पर भीतर से घुटती है। वह जी रही है-पर अपने सपनों को मरते हुए देख रही है। कभी-कभी वह सोचती है- इतनी काबिलियत लेकर भी अगर कुछ बन न सकी, तो क्या यही मेरी ज़िंदगी की किस्मत है? और फिर.... उसकी आँखों से चुपचाप दो बूंद आँसू गिरते हैं- उसके अधूरे सपनों की तरह।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# बीजेपी विधायक के भाई मिथिलेश की सड़क हादसे में मौत

- क्षेत्र में पसरा मातम, परिजनों में मचा कोहराम
- विधायक के गांव श्रद्धांजलि देने वालों का तांता





**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ क्षेत्र से भाजपा विधायक दिनेश रावत के अनुज मिथलेश की शुक्रवार तड़के हुए हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर सैफई के निकट हुआ, जहां पर डंपर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और विधायक के गांव मीरापुर में सन्नाटा पसर गया। सूचना मिलते ही पार्टी नेता, कार्यकर्ता, शुभचिंतक क्षेत्रीय जनता ने घर पहुंचकर शोक संवेदना जताई।

बताते चलें कि विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक दिनेश रावत के छोटे भाई मिथिलेश रावत देवस्थान दर्शन को कार से गए थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे 128.5 किलोमीटर पर करखा गांव के पास कार चालक ने नींद आने की बात कही तो चालक को अदला बदली होने लगी। इसी बीच तेज रफ्तार डंपर ने कार में साइड से टक्कर मार दी। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी मिथिलेश रावत की मौके पर ही मृत्यु हो गई। एक अन्य घायल को इलाज के लिए भेजा गया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही विधायक दिनेश रावत दुखी मन से घटनास्थल की ओर रवाना हुए। विधायक सहित अन्य परिवारजन पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद रहे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जिसे अंतिम दर्शन के लिए विधायक के गांव मीरापुर लाया गया। खबर लगते ही राज्यमंत्री सतीश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी अंगद सिंह, अवनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के अलावा अन्य दलों के नेता, पार्टी पदाधिकारियों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। बड़े ही द्रवित माहौल में मृतात्मा का अंतिम संस्कार की क्रिया संपन्न हुई।

## विश्व मत्स्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जनपद बाराबंकी में उपलब्ध जलीय परिसंपत्तियों का संरक्षण, मत्स्य उद्योग में लगे किसानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं टिकाऊ मत्स्य पालन के संकल्प के साथ कस्बा जैदपुर में विश्व मत्स्य दिवस समारोह आयोजित किया गया।जिसमे क्षेत्रीय मत्स्य पालको द्वारा प्रतिभाग किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए जनपद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अच्छे लाल निषाद ने विभागीय योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी तथा मौके पर दो योजनाओं में पंजीकरण कार्य भी संपादित कराया। सेवानिवृत्त मत्स्य अधिकारी मोहम्मद आफाक खान ने विश्व मत्स्य दिवस के आयोजन की प्रासंगिकता के बारे में बताया। पूर्व मत्स्य अधिकारी रमेश चंद्र ने उन्नत तरीके से मत्स्य उत्पादन को बेहतर करने पर बल दिया और उसके उपाय बताएं। उपरोक्त के अतिरिक्त समारोह को मत्स्य क्षेत्र में अग्रणी रत्नेश मोहन,मत्स्य रोग विशेषज्ञ डा गोविंद सिंह,मत्स्य निरीक्षक हेमंत वर्मा एवं विवेक निगम द्वारा संबोधित किया गया और तकनीकी विषयों पर जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान एनएफडीपी पोर्टल पर तमाम किसानों का पंजीकरण, तथा मछुआ दुर्घटना बीमा के प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए। अंत में कार्यक्रम के आयोजक समशुल हक द्वारा सभी किसानों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### सांसद खेल महोत्सव में शिवा कश्यप ने जीते स्वर्ण पदक



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के ताजुद्दीन पुर ग्राम पंचायत निवासी शिवा कश्यप ने सांसद खेल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने सीनियर बालक वर्ग की 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह महोत्सव जनता विद्यालय, मऊ में आयोजित किया गया था। इसमें न्याय पंचायत के बच्चों ने कबड्डी, दौड़, रस्साकशी, गोला फेंक और लंबी कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।प्रतियोगिता के सफल समापन के बाद, विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।सांसद खेल महोत्सव का आयोजन फिट युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत किया गया था। इस पहल का लक्ष्य जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करना है।

### एबीवीपी ने भगवान बिरसा मुंडा संदेश यात्रा का किया भव्य स्वागत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम एवं जनजातीय गौरव के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के जन्म के 150वी वर्षगांठ पर दिनांक 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिले में स्थित भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू से अमन, चैन, शांति एवं एकता का संदेश लेकर निकली संदेश यात्रा का शुक्रवार दोपहर कस्बे के मुख्य चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह यात्रा 27 नवंबर को देहरादून उत्तराखंड में समाप्त होगी। विदित हो कि अंग्रेजों के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज का नेतृत्व कर अहम भूमिका निभाने वाले भगवान बिरसा मुंडा को झारखंड में बिरसाइत धर्म के प्रतिपादन पर भगवान की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस संदेश यात्रा के स्वागत कार्यक्रम के मौके पर अर्नव अवस्थी (नगर मंत्री), इशांत वर्मा (सहमंत्री), दिव्यांशु जायसवाल, मुदित सिंह , अभिषेक चौधरी, पुण्डरीक त्रिवेदी, सोनू सिंह, भास्कर मिश्रा, सूर्यांश मिश्रा, आराध्य बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र पर दिखाया गया किसान निधि का सीधा प्रसारण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कठौरा स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21 वीं किश्त जारी करने का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। दोपहर करीब दो बजे प्रधानमंत्री जी ने कोयम्बटूर से लगभग 9 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 18000 करोड़ सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश विक्रम सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विकास खण्ड जगदीशपुर रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.नवनीत कुमार मिश्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान ने किया। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.अशोक कुमार सिंह, रेनू सिंह, प्रमोद सिंह, ओपी सिंह, लाल पंकज सिंह,अर्चना देवी, डॉ.देवेश एवं राहुल, सुरेन्द्र सिंह, मो.नसीम, नीता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन दृष्टि के तहत एएसपी ने की व्यापारियों संग गोष्ठी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए। मीटिंग में व्यापारी बन्धुओं को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरुक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल के माध्यम से, ऑनलाइन व ओटीपी आदि पूछकर साइबर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक स्वेताभ भास्कर सहित जनपद के व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

### मतदेय स्थल से ही भरें गणना प्रपत्र : एडीएम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनसामान्य को सूचित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश क्रम में अर्हता तिथि एक जनवरी 26 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही गतिमान है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभा निर्वाचक नामावली-2025 में एक से अधिक मतदेय स्थल अथवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रविष्ट है, एक ही स्थल पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करायें, यदि उनके द्वारा दोनों मतदेय स्थल अथवा विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा किया जाता है, और यह सिद्ध हो जाता है कि अमुक मतदाता द्वारा दो जगह गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा किया गया है, तो ऐसे मतदाताओं के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 क 43) की धारा 31 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी व जिसमें मतदाता को एक वर्ष कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जायेगा, जिसके लिये मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

### सोमवार को आयोजित होगा दिव्यांग शिविर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले दिव्यांग शिविर आगामी सोमवार (24 नवम्बर 2025 से) जिला चिकित्सालय (पुरूष) सीतापुर में आयोजित किये जायेंगे, इस हेतु समस्त स्टाफ एवं मेडिकल बोर्ड के समस्त सदस्य प्रात: जिला चिकित्सालय सीतापुर में उपस्थित होते हुये दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये जाने का कार्य सम्पादित करेंगे।

## बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, गम्भीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना लोनीकटरा अंतर्गत लोनीकटरा गांव के निकट लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर कार द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार की दोपहर बाद हुए हादसे में घायल अधेड़ को त्रिवेदीगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

जनपद उन्नाव के थाना मौरावां अंतर्गत जमाई खेड़ा गांव निवासी गया प्रसाद 48 वर्ष कुछ काम से अपनी मोटरसाइकिल से बाराबंकी आए हुए थे और बाराबंकी से हैदरगढ़ होते हुए वापस घर लौट रहे थे कि तभी दोपहर बाद लगभग 2:30 बजे जब वह लोनीकटरा गांव के निकट हाइवे पर पहुंचे कि तभी पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें 108 एंबुलेंस से त्रिवेदीगंज सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## दबिश देकर 20 ली. कच्ची शराब के साथ 100 किलो लहन कराया नष्ट

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



आबकारी विभाग ने तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को ग्राम विद्यानागर और सिकलिकपुरवा में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इस संबंध में एक अभियोग भी पंजीकृत किया गया है। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान ने अपने अधीनस्थ स्टाफ और पुलिस टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। टीम ने 10 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे।ग्राम सीखलीखपुरवा में लगभग 20 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई, जबकि 100 किलोग्राम लहन (कच्ची शराब बनाने का सामान) मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई आबकारी अधिनियम के तहत की गई, जिसमें एक मामला दर्ज किया गया है।दबिश के दौरान, आबकारी टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक भी किया। साथ ही, उनसे आसपास अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई।आबकारी विभाग द्वारा यह प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर यह सफलता मिली है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।आबकारी विभाग ने तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को ग्राम विद्यानागर और सीखलीखपुरवा में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इस संबंध में एक अभियोग भी पंजीकृत किया गया है।

### भविष्य में जारी रहेगी कार्रवाई

आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान ने अपने अधीनस्थ स्टाफ और पुलिस टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। टीम ने 10 अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे।ग्राम सीखलीखपुरवा में लगभग 20 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई, जबकि 100 किलोग्राम लहन (कच्ची शराब बनाने का सामान) मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई आबकारी अधिनियम के तहत की गई, जिसमें एक मामला दर्ज किया गया है।दबिश के दौरान, आबकारी टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक भी किया। साथ ही, उनसे आसपास अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई।आबकारी विभाग द्वारा यह प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर यह सफलता मिली है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## डीएम ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राही विकास खण्ड के निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बेला-भेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को प्रयोग में लायी जा रही सामग्री का लैब परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उक्त निर्माणाधीन विद्यालय का भूमि पूजन 20 जून, 2025 में किया गया था। इस विद्यालय में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्रदान की जायेगी इस विद्यालय में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक कक्षा में डिजिटल एजूकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जायेगी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जायेगी। कक्षा 11 एवं 12 के लिये विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के सभी विषयों की कक्षाएं संचालित की जायेगी, साथ ही सभी अवस्थापना सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, साथ ही सभी विषयों की कक्षांए संचालित की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह विद्यालय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाये।

निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भीतरगांव में सरकारी व्यवस्था फेल, पंचायत सचिवालय के उपकरण गायब

- ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर मनमानी के आरोप, ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन
- खंड विकास अधिकारी के बयान ने बढ़ाया आक्रोश, समाजसेवी बोले-नहीं हुई सुनवाई तो डीएम से करूंगा शिकायत

### लाखों का वेतन, पर लाभ 'शून्य'

पंचायत सहायक के वेतन पर सरकार 2 लाख 88 हजार रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिला। लोगों का कहना है कि सचिवालय बंद रहने से योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। इतना ही नहीं, उपकरणों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल पास कराए जाने का भी आरोप ग्रामीणों ने लगाया है, जिससे ब्लॉक के कुछ कर्मचारियों और प्रधान प्रतिनिधि की मिलीभगत का संदेह गहराता जा रहा है।

**खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र के भीतरगांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का खुला दुरुपयोग सामने आया है। पंचायत सचिवालय को हाईटेक बनाने के लिए, सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर कंप्यूटर, प्रिंटर, इन्वर्टर, इंटरनेट सहित जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए, ताकि ग्रामीणों को ऑनलाइन कार्यों में राहत मिले और उन्हें निजी कैफे पर अधिक पैसे न खर्च करने पड़ें। लेकिन भीतरगांव में स्थिति उलट है- सचिवालय की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

प्रधान को नहीं जानकारी, प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चला रहे 'संपूर्ण पंचायत'

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान रानी लोधी को न योजनाओं की जानकारी है, न सचिवालय और न ही वहां रखे उपकरणों के बारे में कोई अपडेट। पूरा पंचायत संचालन प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह के हाथों में है। आरोप ये भी है कि सर्वेश सिंह ने पंचायत सचिवालय के उपकरणों को सरकारी भवन से हटाकर किसी अन्य भवन के कमरे में शिफ्ट कर दिया है। इसके चलते ग्रामीण प्रतिदिन सचिवालय से मायूस होकर लौट जाते हैं और मजबूरन प्राइवेट कैफे में महंगे दामों पर काम कराते हैं।

### गुस्साए ग्रामीणों का प्रदर्शन, अधिकारी बने मूक दर्शक

मंगलवार को समाजसेवी संदीप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अमित मिश्रा, राजकुमार कुशवाहा, सत्रोहन पासी,संतोष पासी सहित कई ग्रामीणों ने पंचायत सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर उपकरणों को सचिवालय में वापस रखने और पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को सचिवालय में बैठने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी व्यवस्था ठप है, लेकिन जिम्मेदार सुध लेने को तैयार नहीं।

### बीडीओ का विवादित बयान, बढ़ी नाराजगी

बुधवार को ब्लॉक दिवस में समाजसेवी संदीप सिंह ने खंड विकास अधिकारी शिवकुमार को लिखित शिकायत दी, लेकिन बीडीओ के कथित बयान ने लोगों में आक्रोश और बढ़ा दिया। संदीप सिंह के अनुसार बीडीओ ने कहा— मामले में पड़ने से अच्छा है कि तुम खुद चुनाव लड़ लो, जीत जाओ तो सामान शिफ्ट करा लेना। अभी इसे ऐसे ही रहने दो। जब समाजसेवी ने कहा कि जनता की सुविधा भी देखनी चाहिए, तो अधिकारी ने यह भी कहा— प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि का हम कुछ नहीं कर सकते। तुम गांव का ठेका ले रखे हो क्या? शांत होकर बैठ जाओ। अधिकारी की यह टिप्पणी ग्रामीणों में चर्चा और नाराजगी का विषय बनी हुई है।

### न्याय न मिला तो डीएम से करेंगे शिकायत : समाजसेवी

संदीप सिंह ने कहा कि यदि ब्लॉक स्तर पर न्याय नहीं मिला तो वह जिला अधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेंगे, क्योंकि मामला आमजन से सीधे जुड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीतरगांव में प्रशासन और पंचायत दोनों की मिलीभगत से व्यवस्था का सत्यानाश हो चुका है और सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। ग्रामीणों ने उच्च स्तर पर जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने बताया मामले की जानकारी नही है। खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी

## मंडल प्रभारी ने प्रधान संपादक माताफेर सिंह दीपक को किया सम्मानित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

पत्रकार प्रेस परिषद के अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने लखनऊ से प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक समाचार पत्र भेंटवार्ता के प्रधान संपादक माताफेर सिंह दीपक को निज निवास ग्राम धरौली मुसाफ़िरखाना प्रथम आगमन पर निर्भीक पत्रकारिता लेखन व समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर करने में उत्कृष्ट योगदान करने एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के फलस्वरूप मण्डल प्रभारी ने प्रधान संपादक को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। याद दिलाना है कि यह साप्ताहिक समाचार पत्र भेंटवार्ता का लखनऊ संस्करण अनवरत अठारह वर्षों से निरन्तर प्रकाशित हो रहा है।

विदित हो कि भेंटवार्ता का सुल्तानपुर संस्करण 15 मार्च 1978 से दिसंबर 2017 तक निरंतर प्रकाशित होता रहा। जैसा कि सूत्रों ने बताया है कि भेंटवार्ता समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों को अधिकारी गंभीरता से लेकर कार्यवाही भी करते हैं शायद वर्तमान में एक मात्र यही ऐसा साप्ताहिक समाचार पत्र है जो समाज में व्याप्त भ्रष्टाचारों को लगातार प्रकाशित कर रहा है।

### कार से टकराकर बाइक बनी आग का गोला



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह मुसाफिरखाना मार्ग पर सपहा गांव के पास एक कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में आग लग गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल की पहचान दीपक कुमार, निवासी बिच्छू का पुरवा, टीकर माफी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बाइक से पनियार की ओर से मुंशीगंज जा रहा था। सपहा गांव के पास दोनों वाहनों की सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने व घायल को बचाने का प्रयास किया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मुंशीगंज पुलिस पहुंची और घायल चालक को एंबुलेंस से अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के तुरंत बाद कार सवार गाड़ी सहित मौके से फरार हो गए। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि घायल का उपचार सीएचसी अमेठी में चल रहा है। वाहन की पहचान कर ली गई है और हादसे की वास्तविक वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## खंड विकास अधिकारी के कार्यकाल में हुए हैं बड़े घोटाले, हो जांच व कार्रवाई : प्रवीण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

एनसीपी प्रदेशमहासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने सीडीओ सीतापुर को पत्र लिखकर विकासखंड संकरन में तैनात खंड विकास अधिकारी श्रीष गुप्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने कार्य के दौरान सादे बाउचर लगाए हैं और कार्यों के संबंध में पूर्व में पेपर पत्र लगातार खराब फोटो सहित प्रकाशित कराई जिसके अंतर्गत ग्रामपुर मानपुर सीकरी के मजरा बेदौर में सोहन के घर से रामकिशुन के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य नौ लाख 99 हजार का भुगतान किया गया है और ग्राम पंचायत सकरन में सुरेश के घर से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य 997000 रुपए का भुगतान किया गया है । जिसमें बड़ा आर्थिक खेल किया गया है।जबकि अगर क्षेत्र पंचायत में तैनात खंड विकास अधिकारी के द्वारा किए गए कार्यकाल की जांच कर ली जाए तो बड़ा व्यापक घोटाला समक्ष आ जाएगा। पूर्व में उक्त खंड विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड महमूदाबाद में मनरेगा मटेरियल घोटाला से बड़ा घोटाला उजागर हुआ था जिसमें 76 लाख का घोटाला सिद्ध हुआ था और उक्त बीडीओ को मुख्यालय से संबंध किया गया था जबकि अधिनस्थों पर कठोर कार्यवाही हुई थी।

विकासखंड सकरन के क्षेत्र पंचायत भुगतान मे भी व्यापक घोटाला किया गया है इनके द्वारा किए गए भुगतान 1 अप्रैल 2025 से 15 नवंबर 2025 तक के भुगतान में एक भी बिल नहीं लगाया गया है उन्होंने केवल सादे बिल बाउचर लगाए हैं और उनके द्वारा कूट रचित मानक लगाए गए हैं जिससे सिद्ध होता है की करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है उन्होंने पत्र में मांग की है कि उक्त खंड विकास अधिकारी की तैनाती से अभी तक के किए गए सभी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण हो और यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो सरकारी धन की ब्याज सहित वसूली की जाए उन्होंने कार्यवाही से स्वयं को अवगत कराने की माग की।

## अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर के निर्देश पर बिसवां कस्बे में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी के नेतृत्व मे अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जो बिसवां से सिधौली रोड पर कस्बे के बड़े चौराहे से रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क के दोनों तरफ का अतिक्रमण हटाया गया। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने नाले के आगे लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया और अतिक्रमणकारियो को सख्त चेतावनी दी गई। कि यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो उन पर रुपये 10000 का जुर्माना किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने बताया यह अभियान अनवरत चलता रहेगा जिससे नगर के नालों व नालियों की सफाई की जा सके और नगर स्वच्छ व सुंदर दिखे। उन्होंने दुकानदारों को चौबीस घंटे के अंदर अपनी दुकानों के आगे डाली गई टीन शेड को हटाने को कहा अन्यथा की स्थिति मे पालिका प्रशासन द्वारा हटाए जाने की बात कही है। इस दौरान सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला, आर आई आशीष यादव, रंजीत, बृजपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम का जनपद भ्रमण आज



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उप्र विजय लक्ष्मी गौतम का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज 22 नवम्बर दिन शनिवार को प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री जी जनपद में अपरान्ह् 5 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुॅचेंगी जहॉ उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक में सम्मिलित होगी तथा दिनांक 23 नवम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह् 9 बजे जनपद से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## गौशाला की अवस्था देख नाराज हुए जिलाधिकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने ब्लॉक ऐलिया के गांव तिहार की तिहार गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

जिलाधिकारी ने पशुओं दिये जाने वाले चारे की व्यवस्था न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया पशुओं के लिये भूसा, हरा चारा एवं पानी आदि समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

गौशालाओं में रिकार्ड रखने हेतु 07 रजिस्टर में से कोई भी रजिस्टर न होने पर सचिव पर अनुशासनिक कार्यवाही तथा प्रधान को नोटिस दिये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिये। खण्ड विकास अधिकारी को कार्यों में रूचि न लेने एवं अनियमितता पाये जाने के दृष्टिगत स्पष्टीकरण जारी के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के उपचार हेतु तैनात 02 चिकित्सकों को पशुओं के सही उपचार न करने एवं अन्य कार्यों में शिथिलता पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने भूसा का रख-रखाव को देखते हुये पशुओं को ठंड से बचाने हेतु तिरपाल के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गमी में शामिल होने पुत्र के साथ जा रही महिला की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गिर गयी और ट्रैक्टर चालक उसे कुचलता हुआ निकल गया। गंभीर रुप से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं इस दुर्घटना में मृतका का पुत्र भी घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र से सटे ग्राम पितौरा निवासी सितारा बेगम उम्र 50 वर्षीय पत्नी इनामशेर अपने छोटे बेटे मन्नू के साथ बाइक संख्या-यू.पी.76एस 7653 स्प्लेन्डर पर बैठकर बेटे शम्भू की पत्नी नगमा की भान्जी की मौत में शामिल होने जा रही थी। जैसे ही वह कायमगंज कम्पिल मार्ग कुनवारा पुलिया के पीछे थाना कायमगंज के निकट पहुँची, तभी ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बाइक सवार अधेड़ महिला उछलकर रोड पर जा गिरी। ट्रैक्टर चालक कुचलता हुआ ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गया। जिससे अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बेटा मन्नू गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाते ही कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खाँ, मंडी चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह, उपनिरीक्षक अय्यूब खाँ ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अधेड़ महिला के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही मृतका के बच्चे फरीद, शम्मू, मन्नू, बेटी गाजरीन, फरीन, आफरीन, कुशरा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि इससे पहले मृतका के सबसे छोटे बेटे अयान की मौत हो चुकी है।


मृतका का फाइल फोटो


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

# वोटर लिस्ट में शुद्धीकरण के लिए अवश्य भरें एसआईआर फार्मः डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने अमृतपुर विधानसभा के श्री श्याम सिंह स्कूल में (एसआईआर) स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर चर्चा की तथा लोगों को जागरुक किया। साथ ही सेक्टर अध्यक्षों की बैठक ली। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मौजूद ग्रामीणों से अपील की कि वह स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के फार्म अवश्य भरें, ताकि वोटर लिस्ट में संशोधन हो सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म वोटरों को दे रहे हैं। उन्होंने अनुरोध किया गया है कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें। उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दे दें।

इस दौरान अगर कोई वोटर घर पर नहीं मिलता है तो परिवार का कोई भी सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। इस अवसर पर रूकमांगल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, विपिन यादव, अनमोल यादव, शमशुल खान, मोनू कुशवाहा, संदीप यादव, विनोद यादव समेत पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।


ग्रामीणों के साथ एसआईआर पर चर्चा करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

## दबंगों ने युवक को बंधक बनाकर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव ठिठुलिया पट्टी निवासी रावेन्द्र सिंह जाटव 24 सितंबर को शुकरुल्लापुर बाजार जा रहा था, तभी रास्ते मे गांव मिल्क सुल्तान निवासी जंडेल सिंह अपने साथी के साथ आये और रावेन्द्र सिंह को अपने साथ घर ले गए और घर मे बंधक बनाकर मारपीट की। उसके बाद 04 नंबम्बर को रावेन्द्र सिंह अपनी पत्नी खुशबू के साथ कोतवाली कायमगंज के गांव पपड़ी मिलकिया से वापस अपने घर आ रहा था, तभी जंडेल सिंह ने अपने साथी के साथ रास्ते में रोककर रावेन्द्र सिंह को जातिसूचक गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर जंडेल सिंह अपने साथी के साथ रावेन्द्र सिंह जाटव के साथ मारपीट करने लगे। बचाने आई पत्नी खुशबू को भी मारापीटा। मारपीट में रावेन्द्र सिंह चोटिल हो गया। थाना पुलिस ने रावेन्द्र सिंह की तहरीर पर जंडेल सिंह यादव व टिन्नी यादव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर में खेल रहे मासूम की गड्ढे में डूबकर मौत

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर में खेल रहे एक वर्षीय मासूम की गड्ढे में डूबकर मौत हो गयी। तीन बेटियों के बाद हुए इकलौते बेटे की मौत से परिजन में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के मुंडेर गांव में पुष्पेंद्र परिजनों सहित रहते हैं और वह खेती किसानी का काम करते हैं। पुष्पेंद्र के तीन बेटियों प्रज्ञा, वर्तिका और अनन्या के बाद काफी मन्नतों से 1 साल पूर्व बेटे कार्तिक का जन्म हुआ, तो परिजन काफी खुश हुए, पर इन खुशियों को किसी की नजर लग गई। शुक्रवार सुबह पुष्पेंद्र का 1 वर्षीय बेटा कार्तिक घर में खेल रहा था, तभी घर के अंदर नाली के गड्ढे में वह किसी तरह डूब गया। काफी देर तक कार्तिक के न दिखाने पर परिजनों ने खोजबीन की, तो गड्ढे में वह उतराता मिला। आनन-फनन में परिजन फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से मां जयंती बदहवास हैं और रोते-रोते बेहोश हो जाती हैं। इसी तरह अन्य परिजनों का भी हाल है। पीड़ित परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी है।


मृतक का फाइल फोटो

# जुमे की नमाज व आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस ने नगर में किया फ्लैगमार्च

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में जुम्मे की नमाज तथा त्योहारों को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने जुम्मे की नमाज तथा आगामी त्यौहारों को लेकर कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। वहीं कस्बा नवाबगंज की मस्जिद में पहुंचकर नमाजियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने आम जनमानस को बताया की उन्हें अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था चाहिए। अराजकता करने वाले व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। आम जनमानस को पूरी तरह सुरक्षा देने के लिए पुलिस बल पूरी तरह से सदैव तत्पर रहेगा। वहीं फ्लैगमार्च कस्बा नवाबगंज होते हुए नयागनीपुर, पुराना गनीपुर, बरतल होते हुए तिराहे पर आकर थाा प्रांगण में समाप्त हुआ। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा जगराम सिंह, दरोगा कृष्णपाल, क्राइम इंस्पेक्टर संजय राय तथा समस्त थाना पुलिस फ्लैग मार्च में साथ रहा।


कस्बे में फ्लैगमार्च करते थाना प्रभारी निरीक्षक व पुलिस फोर्स


सीएचसी में रखा अज्ञात शव

## अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** हजियांपुर चौराहे के पास एक अज्ञात व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से रात्रि के किसी समय दर्दनाक मौत हो गई। सुबह 5 :00 बजे के लगभग राहगीरों ने शव पड़ा होने की सूचना थाना पुलिस और 112 को दी। तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया। पहचान ना हो पाने से थाना पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर रखा और थाने के दरोगा मिथलेश ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया गांव वालों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे और पहचान के लिए सभी जगह इसके फोटो डाल दिए गए हैं। सभी थानों में सूचना दे दी गई है। जांच पड़ताल जारी है। मृतक के दाहिने बगल में चोट के निशान हैं। माथे में और पैर में भी चोट के निशान हैं। पुलिस घटना को एक्सीडेंट मान रही है।

# शौच करने गये युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

शौच करने गए युवक की रेल से कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कटिया निवासी लालाराम माथुर का तीस वर्षीय पुत्र मनोज कुमार शुक्रवार सुबह चार बजे घर से शौच के लिए निकला था। किसी समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने सुबह छः बजे गांव हथवाया के निकट पोल संख्या 174 के निकट क्षत विक्षत अवस्था में युवक का शव पड़ा देखा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्टेशन मास्टर चक्र पांडे व स्वजनों को दी। स्टेशन मास्टर ने मामले की सूचना जीआरपी व थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे।

स्वजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से परेशान रहता था। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के दूसरे दिन ही पत्नी छोड़कर चली गई। मृतक तीन भाइयों पप्पू व मुनेश में सबसे छोटा था। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।


मृतक का फाइल फोटो

# पुलिस की टीम के साथ मारपीट व लूट करने वाले दस आरोपियों पर दोष सिद्ध

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने रामबाबू, रामदीन पुत्रगण मौजीलाल, बादाम सिंह पुत्र मातादीन, रामरतन पुत्र मान सिंह, रुकमंगल पुत्र रामकिशन, अमर सिंह पुत्र अनंतराम, रामवीर पुत्र वेदराम, देशराज पुत्र गंगाराम, बरजोर पुत्र पूरन सिंह, हरीशचंद्र पुत्र गंगाराम समस्त निवासीगण ग्राम लुखरियाई मोहम्मदाबाद को लोकसेवक कर्मचारी के लूट के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तिथि नियत है।

**सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तिथि नियत**

बीते 33 वर्षों पूर्व कांस्टेबिल हरिकिशोर ने जुबानी सूचना कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को देकर बताया कि वादी थाना मऊदरवाजा के सिढ़ऊपुर चौकी मैं तैनात था। उसके साथ अशोक कुमार भी तैनात था। हम दोनों लोग चौकी पर थे। लाला गुप्ता निवासी सिढ़ऊपर ने चौकी पर आकर बताया कि ग्राम चक्करपुर पट्टी में झब्बू सिंह की सुरक्षा में लगे सिपाहियों, झब्बू सिंह के लड़के व कन्हऊ याकूबपुर के दो व्यक्तियों को ग्राम चक्करपुर पट्टी में वहां के आदमियों ने पकड़ लिया है। जिस पर सिपाही अशोक, हरिकिशोर ने अपनी टार्च और राइफल लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। हम दोनों लोगों ने वहां के लोगों को समझाबूझकर उन लोगों को छुड़वाया। कांस्टेबिल हरिकिशोर, अशोक, सीपी मुरलीधर, शेष कुमार तिवारी व कन्हऊपुर के रामपाल, झब्बू सिंह का लड़का गुड्डू व राजाराम के साथ-साथ चौकी के कांस्टेबिल मुरली, शेष कुमार तिवारी व कन्हऊपुर के तीनों लोग अपने गांव जाने के लिए ग्राम लुखरियाई के पास करीब आठ बजे रात पहुंचे। ग्राम लुखरियाई के ओमप्रकाश, रामबाबू, रामदीन, सौदान, बादाम सिंह, तुलाराम, वेदराम, रामचंद्र, सियाराम, रामरतन, रामऔतार, रुकमंगल, अमर सिंह, रामवीर, देशराज, बरजोर, हरिश्चन्द्र, रामनरेश समस्त निवासीगण लुखरियाई लाठियां, रायफल सहित कट्टे आदि लेकर आ गए और कहा कि पकड़ को सालों को। झब्बू की बहुत रखवाली करते हैं। यह कहते उन लोगों ने घेरकर मारना पीटना शुरू कर दिया। पुलिस के सिपाही हरिकिशोर, अशोक, मुलीधर की राइफल व सभी कारतूस, टार्च, हाथ घड़ी छीन लिए। कुछ लोग भागकर जनैया सिठेया गांव की तरफ गए। उन लोगों को भी ओमप्रकाश की बैठक में बंद कर दिया। आरोपियों को टार्च की रोशनी में पहचाना। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने जाकर सभी लोगों को छुड़वाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान ओमप्रकाश, सौदान सिंह, तुलाराम, वेदराम, रामचंद्र, सियाराम, रामऔतार, रामनरेश की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज प्रताप सिंह, केके पाण्डेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने रामबाबू, रामदीन, बादाम सिंह, रामरतन, रुकमंगल, अमर सिंह, देशराज, बरजोर, हरिश्चन्द्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 28 नवंबर की तिथि नियत है।

## कार की टक्कर से किशोर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव चिलसरी निवासी सतेन्द्र उम्र 13 वर्षीय पुत्र सुदेश कुमार अपने बालों की कटिंग करवाने के लिए ग्राम बरझाला आ रहा था। उसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही स्वीफ्ट डिजायर कार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। उसके बाद कार चालक ने भागने का प्रयास किया। वहाँ पर मौजूद लोगों ने स्वीफ्ट डिजायर कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल किशोर सतेन्द्र को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।


सीएचसी में भर्ती घायल किशोर

# एसआईआर का सर्वाधिक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को मिलेगी सुविधायें

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक विधानसभा के प्रथम बीएलओ जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सर्वाधिक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करेगें उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य प्रचलित है। प्रत्येक विधानसभा के प्रथम बीएलओ जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सर्वाधिक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करेगें, उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के उपरान्त प्रोत्साहन स्वरूप सुविधायें जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र वितरण। लंच, बीएलओ को परिवार सहित एक बार। मूवी टिकट बीएलओ को परिवार सहित एक बार।। शामिल है। उपरोक्त सुविधाओं का आशय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को ससमय तीव्र गति से सम्पादित कराये जाने हेतु है, जो कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को सर्वाधिक फार्म डिजिटाईजेशन करने के दृष्टिगत प्रदत्त किया जायेगा।

# स्कूल की रसोई में गैस सिलेंडर में लगी आग, छात्रों में मची अफरा-तफरी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार सुबह मध्याह्न भोजन बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस घटना से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि त्वरित कार्रवाई और अग्निशमन यंत्र के उपयोग से एक बड़ा हादसा टल गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

यह घटना सुबह उस समय हुई जब रसोइया सरला देवी भोजन तैयार कर रही थीं। आग लगते ही ऊंची लपटें उठने लगीं। जिससे कक्षाओं में बैठे छात्र और शिक्षक घबरा गए। अपनी जान बचाने के लिए छात्र तुरंत कक्षाओं से निकलकर मुख्य सड़क की ओर भागे। जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के गांव के युवक तुरंत मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भीगे हुए बोरे डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। जब भीगे बोरों से आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। तब मौके पर मौजूद गोलू नामक एक युवक ने साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। उसने तुरंत विद्यालय में रखे अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल किया और कुछ ही मिनटों में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग बुझने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर क्षतिग्रस्त सिलेंडर को विद्यालय परिसर से बाहर निकालकर सड़क पर रख दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस तुरंत उच्च प्राथमिक विद्यालय गौसपुर पहुंची। पुलिस टीम ने प्रधानाध्यापिका मंजूलता गुप्ता से पूरे घटनाक्रम और प्रधानाध्यापिका मंजूलता गुप्ता से पूरे घटनाक्रम और सुरक्षा मानकों के विषय में विस्तार से पूछताछ की। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय में लगी आग को काबू में कर लिया गया है। इस हादसे में किसी के भी झुलसने या घायल होने का मामला सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


रसोई के बाहर रखा सिलेंडर व अग्नि शमन यंत्र

# 10 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज क्षेत्र के ग्राम रूनी चुरसाई में मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। वारदात से पूरे क्षेत्र में रोष व आक्रोश का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही 50 वर्षीय शिवजीत चौहान पुत्र कलक्टर सिंह निवासी ग्राम रूनी चुरसाई ने मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। घटना को पड़ोस में खाली पड़े फूल सिंह के घर में अंजाम दिया गया। घटना के बाद सदमे में पहुंची बालिका किसी तरह घर वापस लौटी और अपने साथ हुई आप बीती दादी मीरा को बताई। परिजनों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाते ही थाना अध्यक्ष राजेश राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवजीत चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी साक्ष्य एकत्रित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता को परिजनों ने पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पपड़ी खुर्द निवासी शिवकुमार पुत्र राजपाल जो की भाजपा के सेक्टर प्रभारी हैं, ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि खेत में काम कर रहे मजदूरों को पैसे देने के लिए वह बैंक गया था। पैसे निकालकर लाया और खेत में काम कर रहे मजदूरों को पैसे देने लगा। उसी दौरान उसके बड़े भाई अनिल कुमार, भजीता आकाश व विकास आते ही मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गालियों का विरोध करने पर बड़े भाई सहित भतीजों ने जमीन पर गिराकर लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शिवकुमार का मेडीकल परीक्षण करवाया।


जानकारी देता घायल

# 33/11 केवी उपकेंद्र पर डबल सर्किट कार्य से सात घंटे आपूर्ति रही बाधित


विद्युत उपकेंद्र पर चल रहा कार्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। यह कटौती कुल सात घंटे तक जारी रही। विद्युत विभाग के अनुसार यह कटौती 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर डबल सर्किट के कार्य के कारण हुई है। इस दौरान 11 केवी केबिल इनकमिंग और 11 केवी केबिल आउटगोइंग फीडर पर काम किया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ धर्मेंद्र राजपूत ने इस बिजली कटौती की पुष्टि की। सात घंटे की कटौती से उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना। उन्हें दैनिक क्रियायें करने में परेशानी हुई। फिलहाल आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

# मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने ट्यूमर का सफल आपरेशन कर महिला को दी नई जिंदगी

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने एक और ट्यूमर का सफल आपरेशन कर महिला को नई जिदंगी दी है। महिला काफी समय कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही थी। फिलहाल अब उसे इन समस्याओं से निजात मिल गयी है।

जानकारी के अनुसार मेजर डॉ. रोहित तिवारी एक सफल सर्जन के रुप में जाने जाते हैं। वह कई क्रिटिकल आपरेशन कर लोगों को नई जिंदगी प्रदान कर चुके हैं। एक बार फिर वह एक 45 वर्षीय महिला पूनम जो काफी समय से कई समस्याओं से जूझ रही थी, जैसे आंतों में रुकावट, पेशाब रुकना, शरीर में बढ़ रहे दर्द, चलने फिरने में कठिनाई आदि। जब उसने लोहिया अस्पताल आकर अपनी जांच करायी, तो उसे पेट में ट्यूमर होने का पता चला। जिस पर मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने उसका सफल आपरेशन कर उसके पेट से 13.5 किलो का ट्यूमर निकाला। इस सफल आपरेशन के बाद महिला पूनम को एक नई जिंदगी मिल गयी है। वह पूरी तरह से स्वस्थ्य है और चल फिर भी रही है। महिला व उसके परिजन मेजर डॉ. रोहित तिवारी को दुआयें देते नहीं थक रहे हैं। वहीं मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने बताया कि निजी अस्पताल में इस आपरेशन की फीस 5,00,000/- रुपये लगती है।


आपरेशन के बाद निकले ट्यूमर को दिखाते मेजर डॉ. रोहित तिवारी

# पॉक्सो के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश मेराज अहमद ने वीर सिंह पुत्र रामभरोसे निवासी भीमनगर कंपिल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर बीस वर्ष का कारावास व 13 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते तीन वर्षों पूर्व थाना कंपिल क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 10 अप्रैल 2022 को गेहूं काट रहा था। पत्नी घर में काम कर रही थी। सुबह आठ बजे मेरी 16 वर्षीय पुत्री घर से शौचक्रिया करने के जा रही थी। काफी देर तक घर वापस नहीं आई। पास पड़ोस में जानकारी की, तो पता लगा पड़ोसी वीर सिंह व उसका भाई स्कूटी पर बैठाकर ले जा रहा था। जिसे गांव के लोगों ने देखा। आरोपी मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने वीर सिंह को दोषी करार देते हुए बीस वर्ष का कारावास व 13 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# बूथ स्तर पर करना होगा माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन : सत्यपाल सिंह सैनी

▸ **शिक्षक एवं स्नातक चुनाव में कार्यकर्ताओं को जुटने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर शिक्षक एवं स्नातक चुनाव के संदर्भ में फर्रुखाबाद एवं कन्नौज जनपद की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में संभल से पूर्व सांसद एवं वर्तमान में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुट जाने के निर्देश दिए।

सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा शिक्षक व स्नातक चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, इसकी तैयारी के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं, संघटनात्मक तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं को इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कमर कसनी होगी।

इसके लिए बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा। जिससे संख्यात्मक तथा गुणात्मक दृष्टि से परिणाम हमारे अनुकूल होंगे। यह चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का चुनाव है, इसलिए अधिकतम मतदाता बनाना मतदाताओं से संपर्क एवं संवाद करना तथा मतदान के दिन अधिकतम मतदान के लिए जुटने की रणनीति बनाकर काम करना होगा। सभी कॉलेजों की सूची तैयार करना है जल्दी से जल्दी मतदाता बनाने का कार्य करना होगा। एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पिछली बार स्नातक व शिक्षक चुनाव में जनपद से अत्यधिक मत भाजपा को प्राप्त हुए थे। क्षेत्रीय संयोजक व कन्नौज के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा शिक्षक स्नातक एमएलसी चुनाव में निश्चित विजय के लिए लक्ष्य निर्धारित करके बड़ी संख्या में मतदाता बनाना ही सबसे बड़ी जीत होगी। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, विपिन द्विवेदी, राजीव सिंह ठाकुर, सुनील सिंह, आनंद गुप्ता, मुकेश पांडे, हरिनाथ सिंह राजपूत, अनुराग गुप्ता, सुशील पांडे, रश्मि दुबे, संजीव गुप्ता, डॉ0 अभिषेक सिंह, संदीप शाक्य, शिवांग रस्तोगी, अभिषेक बाथम, विकास पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने ली कोर कमेटी की बैठक




बैठक लेते सत्यपाल सिंह सैनी

फर्रुखाबाद। वहीं जनपद के प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह ने जनपद पहुंचकर फतेहगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कोर कमेटी की बैठक ली। इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक सुशील शाक्य, अपना दल जिला अध्यक्ष रिंकू कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से वार्ता की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का भी निराकरण किया।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस का हुआ आयोजन

▸ **हर व्यक्ति की कैंसर से लड़ाई में समान उद्देश्यः डॉ. गौरव**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जागरुक करते कैंसर विशेषज्ञ

हर साल की भांति इस वर्ष भी मिलिट्री अस्पताल फतेहगढ़ में राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस का आयोजन हुआ।

एम्स रायबरेली कैंसर विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिवेदी ने पहुंचकर लोगों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी और जागरुक किया। कार्यक्रम कमान अधिकारी कर्नल मनीष पाण्डेय के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस साल के कैंसर जागरुकता की थीम यूनाइटड बाई यूनिक के अनुरुप इस बात पर बल दिया गया कि हर व्यक्ति की कैंसर से लड़ाई में समान उद्देश्य है। रोग से एकजुट होकर लड़ना, व्यक्तिगत देखभाल और भावनात्मक सहयोग, कैंसर से उबर चुके लोगों की कहानियों के माध्यम से प्रेरणा, स्वस्थ्य जीवन शैली और रोकथाम पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सूबेदार पाल, सूबेदार प्रसाद, सूबेदार राजीव, लेफ्टिनेंट विनोद मौजूद रहे।

# स्काउट ऑन कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड व शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में स्काउट ऑन कार्यक्रम का आयोजन जिला संगठन कमिश्नर भारत स्काउट गाइड, लीडर ट्रेनर चमन शुक्ला ने प्रधानाचार्य डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं स्काउट मास्टर कृष्ण मोहन, संतोष कुमार सरोज, विवेक कुमार मिश्रा के संयोजन में किया गया।

प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने सर्वधर्म प्रार्थना आदि के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्काउट गाइड के दो दल सुभाष दल व आजाद दल में बांटर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित करायी गई। प्रतियोगितायें गांठे लगाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना, मीनार बनाना, कैम्प फायर, साहसी कार्य आदि हुई। प्रतियोगिता में मूल्यांकन के आधार पर आजाद दज विजयी घोषित किया गया। निर्णायक मण्डल में दिनेश चन्द्र, संदीप कुमार रहे।

इस अवसर पर चन्द्रपाल, सत्येन्द्र सिंह, यशपाल यादव, नितिन त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।




मेडल दिखाती तनिष्का मौजूद स्टाफ

## सीबीएससी के नेशनल ट्रायल में तनिष्का दीक्षित ने जीता सिल्वर मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीबीएससी के नेशनल ट्रायल में तनिष्का दीक्षित ने सिल्वर मेडल जीता। वापस लौटने पर कराटे एसोसिएशन के सचिव व कोच पारस भारद्वाज ने बधाई दी और कहा कि यह जनपद के लिए बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि खेल में दो चीजें तो होती है- या तो जीतेगा या हारेगा, लेकिन लगातार भी हारने वाला ना खेलने वाले से बहुत होशियार हो जाता है। बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। संश्था के संरक्षक मोनिका यादव, सुशील शाक्य, मिथलेश अग्रवाल, लालजी सक्सेना, ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह, सुमन राठौर, अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे, सचि, अवनीन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष बबिता पाठक ने तनिष्का के मेडल जीतने पर बधाई दी।

# एसआईआर जागरूकता एवं नए वोटर पंजीकरण कैम्प का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




एसआईआर फार्म भरवाते लोग

सेवा समिति फर्रुखाबाद द्वारा मोहल्ला खैराती खां स्थित आगा साहब की दरगाह पर एसआईआर जागरूकता अभियान एवं नए मतदाताओं के वोट पंजीकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का नेतृत्व समिति के नगर प्रभारी आदिल हुसैन एवं वार्ड अध्यक्ष अमन अफरीदी ने किया। आम जन को एसआईआर फॉर्म को भरने की प्रक्रिया के बारे में, फॉर्म भरने में आ रही परेशानियों को दूर करना तथा अधिक से अधिक नए पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि संरक्षक वारिश अली मिन्ना खान ने जागरूकता अभियान की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। संस्थापक फरियाब खान ने बताया कि युवा वर्ग को वोटर लिस्ट से जोड़ना बेहद आवश्यक है। कैम्प में क्षेत्र के लोगों को एसआईआर फॉर्म ऑनलाइन तथा ऑफलाइन भरने की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने आवेदन के दौरान आने वाली तकनीकी दिक्कतों को भी तुरंत ठीक कराया। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को नए वोटर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनका ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण भी कराया गया। इस दौरान तालिब मंसूरी, अमन सलमानी, फरीद खान, अमन खान, जकी सलमानी, रूशद खान, शाहरुख खान, मेहनूरुद्दीन शेख आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की एसआईआर के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद अधिकारी व राजनैतिक दल

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष् प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में मतदताओ को जागरूक करने एवं मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर बूथ लेवल अधिकारियों को गणना प्रपत्र जमा कराने का अनुरोध किया। उप जिलाधिकारी सदर ने समस्त राजनैतिक दलों को गणना प्रपत्र भरने के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने 21 नवम्बर तक समाजवादी पार्टी द्वारा कुल 781, भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुल 1490, बहुजन समाजपार्टी द्वारा 1531 तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा मात्र 56 बूथ लेवल एजेन्टस् की सूची कार्यालय में उपलब्ध करायी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों बूथ लेवल एजेन्टस नियुक्त करते हुए विषेश प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में सहयोग पद्रान करने का अनुरोध किया।

# शिक्षा के महत्व को समझते हुए विशेष ध्यान देना चाहिएः निर्मला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत विकास खण्ड कायमगंज के वी.एच.एल. इंटरनेशनल वेद हीरालाल इंटरनेशनल स्कूल कम्पिल में बालक एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु एवं स्वावलंबन हेतु जागरूक किया गया।

हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने सभी छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के विषय में विस्तार से बताते हुए जागरूक किया और बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है हमें शिक्षा के महत्व को समझते हुए विशेष ध्यान देना चाहिए, शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो हमें आने वाली हर परेशानी से निजात पाने का रास्ता दिखाती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तार से जानकारी दी। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामान्य बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया। साथ ही टोल फ्री नंबर छात्र एवं छात्राओं को बताए गये। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। 1090 वन स्टाफ सेन्टर से सेंटर मैनेजर पूजा ने वन स्टाफ सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया एवं 181 की जानकारी दी। इस अवसर पर रीतम शाक्य, प्रधानाचार्य नीलोफर अली खान, नरसिंह राजपूत, राहुल राजपूत, महक शुक्ला, वंशिका ऋषभ, माही खान आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को टैबलेट, कृषि यंत्र व चेक/प्रमाण पत्र किये वितरित

▸ **विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उप्र/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंत्री ने कृषि विभाग की कृषि यंत्रीकरण योजनांतर्गत मधुबाला को कम्बाइन हार्वेस्टर की चाबी प्रदान की। जिस पर 1019700 का अनुदान व उमेश चंद्र को लेजर लैंड लेवलर, अनुदान 135000 प्रदान की। मंत्री ने 10 विद्यार्थियों को टैबलट वितरित कियें गये। उद्यान विभाग के सौजन्य से 09 किसानों कों एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत संकर शाकभाजी बीज उपलब्ध कराये गये। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के 05 बच्चों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के 02 लाभार्थियों को चाबी वितरण की गई, एनआरएलएम में 126 समूहों को प्रति समूह 30 हजार कुल 37.80 लाख रिवालविंग फंड वितरित किया। युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतरगत पांच लाभर्थियों को चेक वितरित कियें। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के 05 समाज कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के 03 व वृद्धावस्था पेंशन के 01 लाभर्थी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।




रिवाल्विंग फण्ड पत्र वितरित करते प्रभारी मंत्री व डीएम, सांसद आदि

## जनपद स्थापना दिवस रामनगरिया में जिला महोत्सव के रुप में मनाया जाये

फर्रुखाबाद। मंत्री ने निर्देशित किया कि जनपद की स्थापना दिवस को श्री राम नगरिया मेले में जिला महोत्सव दिवस के रूप मनाया जाये। सांसद ने साहबगंज बिजली घर के जेई को हटाने की मांग की गई। एनएचएआई की बेबर रोड पर गड्ढो व नाले को रोड से ऊँचा होने की शिकायत की गई। मंत्री ने पीडब्ल्यूडी व जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम बनाकर टेक्निकल बिंदुओं पर जाँच कराने के निर्देश दिये। हर घर जल परियोजना की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई, सुधार न होने पर कार्यवाही के निर्देश दिये। अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण व पिछड़ा वर्ग कल्याण की सीएम डेशबोर्ड पर खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताई। सांसद ने पटेल पार्क में स्थापित सरदार पटेल की मूर्ति का सौंदर्यीकरण कराये जाने, रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की। डीएम ने बताया गया कि रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना के लिए जगह निर्धारित हो गई है। विधायक अमृतपुर ने कहा कि कही कही यूरिया महंगी बिकने की शिकायत प्राप्त हो रही है। सांसद ने मक्का क्रय केंद्रों पर किसानों की मक्का न खरीदें जाने की शिकायत की। मंत्री ने डीएम को निर्देशित किया कि सभी क्रय केंद्रों पर हुई खरीद की टीम बनाकर जाँच कराई जाए, खरीद केवल किसानों से हो। निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय-समय पर पर्यवेक्षण होता रहे, लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तिओ को ही मिले। इस अवसर पर जिला पंचायत, जिला अध्यक्ष भाजपा, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तटबंध बनाने का सर्वे पूर्ण, स्टीमेट में आपत्ति को बैठक कर दूर करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद।** मंत्री ने समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। मंत्री ने पूछा कि पिछली बैठक में गंगा नदी पर तटबंध बनाने के लिए सर्वे के निर्देश दिए गये थे, उसकी प्रगति क्या है, अधिशाषी अभियन्ता सिचाई द्वारा बताया गया कि तटबंध का सर्वे हो गया है, 465.80 करोड़ की परियोजना का स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। जिस पर शासन द्वारा कुछ आपत्ति लगायी है। मंत्री ने निर्देशित किया कि सांसद व विधायकगणों एवं जिलाधिकारी के साथ बैठक कर आपत्ति दूर करें।

तटबंध के अन्दर आने वाले गांव के परिवारों की संख्या का सर्वे करा लें। सांसद ने बाढ़ में विस्थापित हुए लोगों को जमीन उपलब्ध करान की मांग की। मंत्री ने डीएम को आवश्यक कार्यावाही करने का निर्देशित किया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ने बताया कि बाढ़ से कायमगंज के गांवों की बाधित विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

## सेवा धर्म समिति लगायेगी नेत्र शिविर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा धर्म समिति की बैठक कार्यालय में सम्पन्न हुई। समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद का कैम्प के आयोजन इस बार किए जाने पर विचार किया गया। कहा गया कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और सभी मरीजों को डॉक्टर द्वारा देखकर सही राय दी जाए। बैठक में अविनाश सारस्वत, पंकज सारस्वत, शैलजा, श्रुति, अमन शुक्ला, डॉ. राजेश बाबू दुबे, प्रदीप सारस्वत, सत्यम कटियार, अनिल अवस्थी, मोहन अवस्थी, डॉ. आनंद आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम अजीजाबाद में एक सप्ताह से बिजली गुल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हुसैनपुर तराई के ग्राम अजीजाबाद में लाइट खराब होने के चलते क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहने से कोई भी अप्रिय घटना घटित होने की संभावना को देखते हुए ग्राम अजीजाबाद के समाजसेवी धर्मेन्द्र राजपूत ने हुसैनपुर तराई से संबंधित अवर अभियंता से शिकायत कर अवगत कराया गया कि ग्राम अजीजाबाद में दिनांक 16 नवम्बर से लाइट खराब चल रही है। जिसके चलते क्षेत्र अंधेरे में डूबा है, तुरन्त सही कराकर विद्युत व्यवस्था चालू कराये जाने की मांग की है।

# युवा उत्सव एवं साइंस मेले में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




प्रमाण पत्र के साथ विजयी छात्रायें मौजूद अतिथिगण

युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम का आयोजन महीयसी महादेवी वर्मा इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य व विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह, महादेवी वर्मा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत रही।

एक दिवसीय कार्यक्रम युवा कल्याण विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, कविता लेखन, लोकगीत, लोक नृत्य एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जीतू, पुष्पेंद्र यादव, अनुराग, शुभम सिंह आदि द्वारा कराया गया। निर्णायकों में सुधीर कुमार पाल, लक्ष्मी प्रजापति, रविंद्र सक्सेना, निर्मल सिंह, गीता देवी, दीप्ति सिंह, गुलशन जहां आदि मौजूद रहे। निवेदिता अवस्थी (कविता लेखन), निवेदिता अवस्थी (पेंटिंग), नम्रता सिंह की टीम (साइंस मेला), तान्या (कहानी लेखन), लोकनृत्य में प्रिया की टीम, लोकगीत में भूमि की टीम विजेता रही।

# अगर मनुष्य जीवन में शांति पाना चाहता है तो व्यभिचार से रहे दूरः गंगोत्री तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कथा का श्रवण कराते आचार्य मौजूद भक्तगण

श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों को ध्रुव जी के प्रसंग का रसपान कराया गया। दरीबा पश्चिम में चल रही चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल महाराज ने ध्रुव जी के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान को निर्मल मन अत्यधिक प्रिय है, जिसके मन में छल कपट होता है वो भगवान को कभी भी प्रिय नहीं लग सकते। भाव से ध्रुव जी ने भगवान को पुकारा तो प्रभु ने ध्रुव जी पर कृपा करी। भाव से मीरा ने गिरिधर को पाया। व्यास जी ने कहा कि कलिकाल में सारी सुविधा होने के बाद भी अशांति सी लोगों के मन बनी रहती है। अगर मनुष्य जीवन में शांति पाना चाहता है तो भागवत के अनुसार जुआ, शराब, व्यभिचार और मांसाहार से दूरी बनाकर रखे, अन्यथा जीवन में अशांति छा जाती है। हमारे ग्रंथ हमें सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है अतः हमें इनका सदैव अनुसरण करना चाहिए। व्यास जी ने सती प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सती के पिता दक्ष ने अभिमान किया तो भगवान शिव ने उसके अभिमान को समाप्त किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया। इस अवसर पर प्रवेश पाण्डेय, राजेश शर्मा, अंश शर्मा, अमित शर्मा, चेतन शर्मा, रामराज यादव, ताराचंद शर्मा, गोलू शर्मा, अनुज शर्मा, टिंकू शर्मा, लकी शर्मा, शंकर ओंकार शर्मा, सोनिक, निरंकार शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

